www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 348 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
17 मार्च 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

»डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदयः 06:15
सूर्यास्तः 06:15
अधिकतमः 34:00
न्यूनतमः 19:00



पेज 07

विशेष समाचार | ईरान-इज़राइल युद्ध का मेटा... »पेज 04 | काशी में नाले से गैस बनाने ... »पेज 06 | धुरंधर 2 ने रिलीज से पहले ...

## होर्मुज से सुरक्षित रास्ता मांगने पर ईरान ने भारत के सामने रखी शर्त

# ‘पहले जो टैंकर जब्त किए हैं, उन्हें छोड़ो’

**मांग**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

तेल अवीव/तेहरान । ईरान ने भारत से फरवरी में जब्त किए गए तीन टैंकर छोड़ने की मांग की है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट से भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने की बातचीत के दौरान यह मुद्दा उठा। भारत ने फरवरी में एस्फाल्ट स्टार, अल जाफिजया और स्टेलर रूबी नाम के तीन टैंकर जब्त किए थे। आरोप है कि इन जहाजों ने अपनी पहचान छिपाई और समुद्र में अवैध शिप-टू-शिप ट्रांसफर में हिस्सा लिया था। फिलहाल ये टैंकर मुंबई के पास लंगर डाले हुए हैं। » (शेष पेज 06 पर)




LPG कैरियर शिवालिक सोमवार शाम गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंचा

- रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने भारत से कुछ दवाइयों और मेडिकल उपकरणों की सप्लाई की भी मांग की है। इस मुद्दे पर ईरान के राजदूत ने सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात कर चर्चा की।

### भारत बोला- होर्मुज स्ट्रेट में युद्धपोत भेजने पर कोई चर्चा नहीं

भारत ने साफ किया है कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने को लेकर उसकी अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को कहा कि कई देश इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन भारत और अमेरिका के बीच इस बारे में कोई बात नहीं हुई है। » (शेष पेज 06 पर)

### ट्रम्प बोले- ईरान मामले में मदद नहीं मिली तो नाटो का भविष्य खराब होगा



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर सहयोगी देश ईरान मामले में मदद नहीं करते तो NATO का भविष्य खराब हो सकता है। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि अगर सहयोगी देश होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने में मदद नहीं करते, तो गठबंधन की स्थिति कमजोर हो सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन की मदद की, जबकि वह उससे हजारों मील दूर है, अब यह देखना होगा कि सहयोगी देश अमेरिका की मदद करते हैं या नहीं। इस बीच जर्मनी ने साफ कर दिया है कि वह ईरान से जुड़े युद्ध में शामिल नहीं होगा और न ही सैन्य बल के जरिए होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने के किसी अभियान में हिस्सा लेगा। » (शेष पेज 06 पर)

### यरुशलम के पास ईरानी मिसाइल गिरी

इजराइली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की एक मिसाइल या उसके मलबे के यरुशलम के पास बेट शेमेश इलाके में गिरने की खबर है। चैनल 13 समेत कई इजराइली मीडिया संस्थानों ने बताया कि मिसाइल या उसके शरपनल के इलाके में गिरने से धमाके की आवाज सुनी गई।

### ईरान के खिलाफ अगले 3 हफ्तों की सैन्य योजना तैयार

इजराइली सेना ने कहा है कि ईरान के साथ अगले 3 सप्ताह तक लड़ने के लिए उनकी प्लानिंग तैयार है। सेना के प्रवक्ता नदाव शोशानी ने सोमवार को कहा है कि सेना ने इससे आगे के समय के लिए भी अलग योजनाएं बना रखी है। इजराइली सेना का कहना है कि इस अभियान का मकसद सीमित है। वे ईरान की उन क्षमताओं को कमजोर करना चाहते हैं जिनसे वह इजराइल के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इसके तहत ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल ढांचे, परमाणु ठिकानों और सुरक्षा तंत्र को निशाना बनाया जा रहा है। » (शेष पेज 06 पर)

### पूर्व पीएम देवगौड़ा ने राहुल के प्रदर्शन की आलोचना की

नई दिल्ली । पूर्व प्रधानमंत्री और जेडी(एस) नेता एचडी देवगौड़ा ने संसद में विपक्ष के हंगामे के तरीके को लेकर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को लेटर लिखा है। 92 साल के देवगौड़ा ने दो पेज के लेटर में राहुल के हाल के प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए कहा कि संसद के बजट सत्र के दौरान लगातार नारेबाजी, पोस्टर दिखाने और धरना-प्रदर्शन से लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को नुकसान पहुंच रहा है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना : शहरी 2.0 के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

## यूपी में सीएम योगी ने 90 हजार लाभार्थियों के खाते में भेजा पैसा

**हेमन्त कृष्ण**

तमसा संकेत, लखनऊ, गाजीपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ से प्रदेश के 90 हजार



लाभार्थियों के खातों में 900 करोड़

रुपये की अनुदान राशि ट्रांसफर की।

इसका सजीव प्रसारण जिला पंचायत सभागार में देखा गया, जहां जनपद के 177 लाभार्थियों के बैंक खातों में पहली किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपये भेजे गए। » (शेष पेज 06 पर)

## महागठबंधन के 4 विधायक नहीं पहुंचे, वोट विवाद पर हरियाणा में काउंटिंग रुकी

# बिहार में एनडीए ने सभी 5 राज्यसभा सीटें जीतीं

- रिकाउंटिंग जबरदस्ती जीत हासिल करने की बीजेपी की कोशिशः तेजस्वी

**मतदान**

- ओडिशा में राज्यसभा की वोटिंग के दौरान बीजेडी और भाजपा के विधायकों के बीच हाथापाई हुई
- पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मतदान अधिकारी पर उठाए सवाल

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली । हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार को मतदान हुआ। NDA ने बिहार की सभी पांचों राज्यसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने ऐलान किया है। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा पहुंच गए हैं। तीनों राज्यों में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। ओडिशा में काउंटिंग जारी है। » (शेष पेज 06 पर)



### खड़गे ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा- चुनाव की निष्पक्षता और पवित्रता में हस्तक्षेप करने की स्पष्ट कोशिश की जा रही है और इसे चुनाव आयोग को तुरंत रोकना या ठीक करना चाहिए।

इसके अलावा, हमारे वैध मतदाताओं या डाले गए वोटों को अयोग्य ठहराने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह पूरी तरह से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने और पटरी से उतारने का प्रयास है।

### नीतीश कुमार और नितिन नवीन को 44-44 वोट मिले

जानकारी के अनुसार, चुनाव में बिहार के CM नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन को 44-44 वोट मिले। वहीं रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को 42-42 वोट मिले हैं। 5वीं सीट के लिए पहली वरीयता में बीजेपी कैंडिडेट शिवेश राम को 30 वोट मिले थे। हालांकि दूसरी वरीयता में शिवेश राम ने RJD के एडी सिंह को हरा दिया है। एडी सिंह को 37 वोट मिले हैं। हालांकि, RJD विधायक सर्वजीत ने दावा किया है कि उन्हें 38 वोट मिले हैं।

**राज्यसभा चुनाव 2026**

**3 राज्यों की 11 सीटों पर चुनाव**

| राज्य | एनडीए | विपक्ष |
|---|---|---|
| बिहार<br>कुल सीटें: 5 | नितिन नवीन, शिवेश राम (दोनों बीजेपी से), नीतीश कुमार, रामनाथ ठाकुर दोनों जेडीयू से), उपेंद्र कुशवाहा (आरएलएसएम) | अमरेंद्र धारी सिंह (आरजेडी) |
| ओडिशा<br>कुल सीटें: 4 | मनमोहन सामल सुजीत कुमार (दोनों बीजेपी) दिलीप राय (निर्दलीय) | संत्रृप्ता मिश्रा दत्तेश्वर होता (दोनों बीजेडी से) |
| हरियाणा<br>कुल सीटें: 2 | संजय भाटिया (बीजेपी) सतीश नांदल (निर्दलीय) | कर्मवीर बौद्ध (कांग्रेस) |

**फास्ट न्यूज**

### घर में रसोई गैस खत्म, इंडक्शन भी नहीं मिल रहा’

भोपाल । इजराइल-ईरान जंग का देश में LPG सिलेंडर की सप्लाई पर असर पड़ा है। LPG सिलेंडर की कमी के बीच इंडक्शन कुकर की डिमांड अचानक कई गुना बढ़ गई है। हालत ये है कि कई इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में इंडक्शन स्टोव का स्टॉक खत्म हो चुका है।

**हादसा | मुआवजा**

### ओडिशा-कटक के सरकारी हॉस्पिटल में आग, 10 मरीजों की मौत

कटक । ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई।

आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के ICU में लगी थी। यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। ओडिशा CM मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है।

### बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव-डीजीपी को हटाया

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के IAS दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है।

# बंगाल में ममता की दोनों सीटों पर लड़ेंगे सुवेंदु

## बीजेपी ने नंदीग्राम-भवानीपुर से टिकट दिया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली/कोलकाता/तिरुवनंतपुरम । भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 144 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भबानीपुर से टिकट दिया है। ये दोनों सीटें बंगाल की CM ममता बनर्जी की हैं।

सुवेंदु अधिकारी ने 2021 विधानसभा चुनाव में ममता को नंदीग्राम सीट से हराया था। नंदीग्राम में हार के बाद ममता भबानीपुर से उपचुनाव जीती थीं। भबानीपुर सीट TMC का मजबूत गढ़ मानी जाती



- पहली लिस्ट में 144 नाम, केरल में 47 कैंडिडेट घोषित

है। ममता 2011 से 2021 तक लगातार यहां से विधायक रही हैं।

भाजपा ने डायमंड हार्बर से दीपक कुमार हालदार को टिकट दिया है। यह इलाका ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर में आता है। » (शेष पेज 06 पर)

## संभल प्रशासन का आदेश रद्द, डीएम-एसपी से कहा था- कानून नहीं संभाल सकते तो इस्तीफा दें

# हाईकोर्ट का फैसला : नमाजियों को सुरक्षा दें संख्या सीमित न करें

**आदेश**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज । संभल की एक मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित करने के जिला प्रशासन के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को नमाज के समय सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने का आदेश दिया है।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति नमाज में बाधा डालता है तो उसके



संभल डीएम राजेंद्र पेंसिया (काले कोट में) और एसपी के-के विश्नोई ने हाल ही में एक साथ शहर में फ्लैग मार्च किया था।

खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने फैसला संभल के रहने वाले मुनाजिर खान की याचिका पर सुनाया। याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने संभल DM और SP को फटकार लगाई थी। » (शेष पेज 06 पर)

### सरकारी वकील की दलील- कानून व्यवस्था न बिगड़े, इसलिए प्रशासन ने रोका



याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया कि रमजान के दौरान मस्जिद में नमाज अदा करने से रोका जा रहा। रमजान चल रहा है। ऐसे में परिसर के भीतर नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ सकते हैं। वहीं, सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने नमाजियों की संख्या सीमित करने का आदेश दिया था। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने सरकार के वकील के तर्क को खारिज कर दिया।

### बरेली के डीएम-एसएसपी हाईकोर्ट में तलब किए गए थे

इससे पहले हाईकोर्ट ने घर में नमाज अदा करने से रोकने के मामले में बरेली के जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) को 23 मार्च को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया। कोर्ट ने साफ किया था कि अगर वे हाजिर नहीं होते तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जाएगा। साथ ही कोर्ट ने याची को 24 घंटे सशस्त्र सुरक्षा प्रदान करने का भी निर्देश दिया। » (शेष पेज 06 पर)

## आरोप : संसद परिसर में बोले सपा प्रमुख-रसोई गैस संकट के लिए भाजपा जिम्मेदार : अखिलेश यादव

# ‘भाजपा के इशारे पर काम कर रहा चुनाव आयोग’

- अयोध्या उपचुनाव के अधिकारियों पर भी उठाए सवाल
- पुलिस भर्ती के विवादित सवाल पर भी प्रतिक्रिया
- कांशीराम और मुलायम सिंह का भी किया जिक्र

**तमसा संकेत, संवाददाता**

नई दिल्ली। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि Election Commission of India भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि फर्जी तरीके से प्रिंटेड फार्म-



7 के जरिए नकली हस्ताक्षर कराकर वोट काटने की साजिश रची जा रही है। समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर सपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटाने की कोशिश की गई। पार्टी ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की, लेकिन अब तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को संसद परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान जिन राज्यों में

**फर्जी फार्म-7 से वोट कटवाने की साजिश : अखिलेश यादव**

**पुलिस भर्ती विवाद और कांशीराम के सम्मान का भी उठाया मुद्दा**

### रसोई गैस संकट को लेकर भाजपा पर हमला

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लोग अफवाह फैलाने वाले हैं। बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार लोगों को खाना बनाने के लिए रसोई गैस सिलेंडर तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। उन्होंने कहा कि लोग घंटों लाइन में लगकर परेशान हो रहे हैं, लेकिन भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो हर चीज उपलब्ध कराने का दावा करते हैं, क्या वे “राम रसोई” चलाने के लिए भी सिलेंडर नहीं ला सकते? पूरे देश में रसोई गैस संकट के लिए भाजपा ही जिम्मेदार है।

भाजपा की सरकार नहीं होती, वहां डीजीपी, चीफ सेक्रेट्री समेत कई अधिकारियों को हटा दिया जाता है। » (शेष पेज 06 पर)

पुलिस भर्ती परीक्षा में आए विवादित सवाल को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जानबूझकर इस तरह के विवाद पैदा कराती है और बाद में दूसरों को बदनाम करने की कोशिश करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के पास एक ऐसी टीम है, जिसे पैसे देकर दूसरों की छवि खराब करने का काम कराया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज, खासकर ब्राह्मण समाज को इस तरह बदनाम करना गलत है।

# राज्यसभा में एलपीजी संकट पर मचा हंगामा

## कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही : जेपी नड्डा

**विरोध**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली । बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में LPG सिलेंडर के संकट को लेकर हंगामा हुआ।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि LPG की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। इस पर भाजपा सांसद



- खड़गे बोले- सरकार को पहले से पता था, इंतजाम क्यों नहीं किया टीएमसी सांसदों का वॉकआउट

जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही है। इसके बाद भी खड़गे ने बोलना जारी रखा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता जवाब नहीं सुनते है। » (शेष पेज 06 पर)

C M Y K

## औद्योगिक आस्थानों, क्लस्टर पार्क और यूनिटी मॉल परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश

# वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले बजट का पूरा उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश

**निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता



- एमएसएमई विभाग की योजनाओं की प्रगति पर मंत्री राकेश सचान ने की समीक्षा बैठक
- विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत कारीगरों को प्रशिक्षण व टूलकिट देने पर जोर
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार व ओडीओपी योजनाओं की प्रगति की भी हुई समीक्षा
- योगी सरकार उद्यमिता को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध



लखनऊ। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को निर्यात भवन, कैसरबाग में विभागीय योजनाओं के वित्तीय बजट (वर्ष 2025-26) की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति, बजट व्यय और लंबित परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष के समापन से पहले सभी योजनाओं में बजट का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए और लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना में लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समयसीमा के भीतर लक्ष्य हासिल करना होगा। अधिकारियों ने जानकारी दी कि 31 मार्च तक बजट के शेष हिस्से को भी खर्च करने की प्रक्रिया जारी है।

बैठक में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण और आधुनिक टूलकिट उपलब्ध कराने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत बढ़ई, लोहार, कुम्हार, दर्जी, मोची सहित कई पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उन्हें उन्नत टूलकिट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण और टूलकिट वितरण की प्रक्रिया को तेज किया जाए ताकि अधिक से अधिक कारीगरों को लाभ मिल सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान और एक जनपद एक उत्पाद योजना की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

### उद्यमियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई

बैठक में यह भी बताया गया कि ओडीओपी वित्त पोषण सहायता योजना के अंतर्गत हजारों उद्यमियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है और प्रशिक्षण व टूलकिट कार्यक्रम के माध्यम से उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री राकेश सचान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि औद्योगिक आस्थानों, क्लस्टर पार्कों और यूनिटी मॉल जैसी परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय उद्यमियों को नई संभावनाएं मिलेंगी।

# कांग्रेसियों ने नाले में पाइप लगाकर सिलेंडर से जोड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी



- लखनऊ में चाय बनाई, बोले- पीएम मोदी के फॉर्मूले पर ऐसा किया, पूरा नाला सूख गया

लखनऊ। लखनऊ में कांग्रेसियों ने नाले में पाइप लगाकर सिलेंडर से जोड़ा। फिर इससे चाय बनाकर पी। बताया कि पीएम मोदी के फॉर्मूले पर ऐसा किया। यह फॉर्मूला फेल रहा। पूरा नाला सूख गया लेकिन गैस एक सिलेंडर भी नहीं भर पाई।

यह प्रदर्शन कांग्रेस के छात्र संगठन NSUI के सदस्यों ने कांग्रेस मुख्यालय पर किया। मुख्यालय के बाहर चाय की दुकान लगाई। दावा किया कि यह चाय LPG की कमी के चलते नाले के गैस से बनाई गई है।NSUI के सदस्य अखिलेश यादव ने कहा- मौजूदा समय में देशभर में गैस की भारी किल्लत है। इस समस्या को लेकर हम बेहद चिंतित थे। हम लोग इस गैस के संकट को खत्म करना चाहते थे, तभी हमने कभी साइंटिस्ट रहे अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भाषण सुना। वह बता रहे थे कि लोग किस प्रकार नाले से गैस बना सकते हैं।

पीएम ने जो फार्मूला दिया था नाले से गैस बनाने का उसी को हमने अप्लाई करके नाले की गैस पर चाय बनाने की कोशिश की। हम जिस जगह खड़े हैं, यह नाला पूरा भरा हुआ था। इससे एक ही सिलेंडर गैस बन पाई। इससे बहुत कम चाय बनी और यह गैस भी टिकाऊ नहीं है। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री का गैस वाला फार्मूला फेल हो गया।

गलत नीतियों की वजह से इतनी बड़ी समस्या है। सबसे ज्यादा हमारा छात्र परेशान हैं।

**फास्ट न्यूज**

### ट्रेन से कटकर महिला के दो टुकड़े हुए

लखनऊ। लखनऊ के गोमती नगर स्टेशन पर आज 45 वर्षीय महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान कुसुम चौहान (45) पत्नी सुरेश कुमार के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार कुसुम अपने बीमार रिश्तेदार को देखने के लिए बलरामपुर जिले से लखनऊ आई थी।

### पुलिसकर्मी और ड्राइवर में मारपीट

लखनऊ। लखनऊ के इंदिरानगर इलाके में गाड़ी की टक्कर के बाद एक पुलिसकर्मी पर कार चालक से मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़ित युवक का कहना है कि पुलिसकर्मी ने उसे कार से खींचकर पीटा, जिससे उसके दोनों हाथ टूट गए। जबकि, इस वाकये का एक वीडियो आया है, जिसमें युवक पुलिसकर्मी को उन्हीं हाथों से कार के अंदर खींचने की कोशिश कर रहा है।

इंदिरानगर सेक्टर-21 निवासी पीड़ित शमीम अख्तर के अनुसार, रविवार 15 मार्च को शाम करीब 4:45 बजे वह नानी होटल के सामने से चंदन रोड की ओर अपनी कार मोड़ रहा था।

### एक्स-रे टेक्निशियन अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) के तहत कराई गई एक्स-रे टेक्निशियन भर्ती परीक्षा का अंतिम रिजल्ट जारी नहीं हुआ है। इसको लेकर आज अभ्यर्थियों ने नाराजगी जताई है। प्रदेशभर से आए अभ्यर्थियों ने स्वास्थ्य भवन चौराहे के सामने पार्क में प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

# 'अत्यंत विषैले पदार्थ का कोई एंटीडोट उपलब्ध नहीं'

तमसा संकेत, संवाददाता

- येलो फॉस्फोरस युक्त उत्पाद पंजीकृत कीटनाशियों की सूची में शामिल नहीं, इसका निर्माण और विक्रय दंडनीय अपराध

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अवैध और अत्यंत घातक चूहनाशक उत्पादों, विशेषकर येलो/व्हाइट फॉस्फोरस युक्त 'रैटोल पेस्ट' (Ratol Paste) आदि की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के आधार पर यह कदम जनस्वास्थ्य और सुरक्षा के दृष्टिगत उठाया गया है। कीटनाशी अधिनियम, 1968 के प्रावधानों के अनुसार, देश में केवल उन्हीं कीटनाशी उत्पादों का निर्माण, भंडारण और विक्रय किया जा सकता है जो 'केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति' (CIB&RC) में विधिवत पंजीकृत हों। आधिकारिक अभिलेखों के अनुसार, येलो/व्हाइट फॉस्फोरस (3% पेस्ट) युक्त उत्पाद अनुमोदित कीटनाशियों की सूची में सम्मिलित नहीं हैं, अतः इनका किसी भी रूप में विक्रय पूर्णतः अवैध है। शासन ने स्पष्ट किया है कि येलो फॉस्फोरस एक अत्यंत विषैला और ज्वलनशील पदार्थ है, जिसका कोई ज्ञात प्रतिविष उपलब्ध नहीं है। इसके अल्प मात्रा में सेवन से भी गंभीर विषाक्तता और मृत्यु तक हो सकती है। ऑनलाइन माध्यमों पर इसकी सहज उपलब्धता से इसके दुरुपयोग की संभावना बढ़ गई थी, जिसे रोकने हेतु यह निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार ने सभी ई-कॉमर्स ऑपरेटरों को निर्देशित किया है कि वे अपने प्लेटफॉर्म से रैटोल पेस्ट या येलो फॉस्फोरस युक्त सभी लिस्टिंग को तत्काल हटाएं और भविष्य में इनकी पुनः सूचीबद्धता रोकें।

## 5 फीट गहरा गड्ढा, खर्च अधिक होने के कारण नहीं शिफ्ट की थी सीवर लाइन

# उद्घाटन के 2-दिन बाद ग्रीन कॉरिडोर के पास सड़क धंसी

तमसा संकेत, एजेंसी



बता दें कि जलकल विभाग ने ग्रीन कॉरिडोर बनने के समय ही इस सीवर लाइन को थोड़ा शिफ्ट कराने की सलाह दी थी। खर्च अधिक होने के कारण सीवर लाइन शिफ्ट नहीं की गई।

लखनऊ। लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर के पास की सड़क धंस गई। बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर के सामने सड़क में करीब 5 फीट गहरा गड्ढा हो गया। गड्ढा सीवर लाइन में लीकेज की वजह से हुआ। घटना के बाद नगर निगम की कार्यदायी संस्था स्वेज इंडिया की तरफ से मरम्मत की जा रही है। सीवर लाइन की मरम्मत करने वाले इंजीनियर्स का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान मिट्टी को कंप्रेस करने के समय में ज्वाइंट में लीकेज हुआ था। लीकेज बढ़ने से सड़क धंस गई।

ग्रीन कोरिडोर में सीवर पाइप लाइन के जॉइंट में गैप हुआ था, जिसकी वजह से रिसाव हो रहा था। इस रिसाव को रातभर में जल निगम और स्वेज इंडिया की टीम ने ठीक कर दिया। अब यहां पर हुए इस गड्ढे की बैकफिलिंग लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से कराई जाएगी। इसके बाद टूटी सड़क भी प्राधिकरण ही बनवाएगा। स्थानीय लोग बता रहे हैं कि जब ग्रीन कॉरिडोर बनाया जा रहा था, उस दौरान काम कर रहे अधिकारी और कर्मचारियों को टोका गया था। उनसे कहा था कि आप ऊपर सड़क बना देंगे और नीचे अभी पानी लीक हो रहा है।

### जल्दबाजी में सलाह नजरअंदाज की

जलकल विभाग की तरफ से ग्रीन कॉरिडोर बनने के समय में ही सीवर लाइन शिफ्टिंग को लेकर सलाह दी गई थी, लेकिन काम की जल्दबाजी में इसे नजरअंदाज कर दिया गया। इसके चलते अब सड़क पर दबाव बढ़ने के बाद यह दुर्घटना हुई है। जलकल विभाग के जीएम कुलदीप सिंह ने बताया- कुकरैल पंपिग स्टेशन की तरफ से बड़ी सीवर लाइन जा रही है। इस सीवर लाइन को शिफ्ट करने को लेकर भी बात हुई थी। लेकिन, बड़ी लाइन होने के चलते खर्च अधिक आता।

इसके चलते इस पर काम नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि लाइन में लीकेज के कारण सड़क का हिस्सा धंस गया। रविवार दोपहर में मामले की जानकारी मिलने के बाद स्वेज इंडिया की टीम मौके पर पहुंचकर सड़क मरम्मत का काम कर रही है।



स्वेज इंडिया की तरफ से रात में सीवर लाइन का लीकेज सही किया गया।

### एलडीए ने कहा- यह सड़क ग्रीन कॉरिडोर के पास की नहीं

लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से एक प्रेसनोट जारी कर बताया गया कि यह सड़क ग्रीन कॉरिडोर के पास की नहीं है। यह सड़क बीरबल साहनी मार्ग से न्यू हैदराबाद पुलिस चौकी की ओर जाने वाले रैंप के पास की है। सीवर पाइप लाइन में लीकेज की शिकायत पर वहां जल निगम मरम्मत कार्य कर रहा है।

## उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

# 'हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान'

तमसा संकेत, संवाददाता



जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय। समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय -7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, , भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना । जनता दर्शन मे कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत बुलन्दशहर, मिर्जापुर, अम्बेडकरनगर, शामली, प्रतापगढ़ व फर्रूखाबाद के जिला अधिकारी, सम्भल, चित्रकूट, ललितपुर, बदायूं, शामली, रायबरेली व बहराइच के पुलिस अधीक्षक व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए।

# 'देशभर के रेलवे स्टेशनों से उठी कुलियों की पुकार'

## '2008 की तरह समायोजन कर कुली परिवारों को जीवन का सहारा दें'

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। देशभर के रेलवे स्टेशनों पर पीढ़ियों से यात्रियों की सेवा करते आ रहे कुलियों के सामने आज आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इसी चिंता और पीड़ा को लेकर राष्ट्रीय कुली मोर्चा के संयोजक राम सुरेश यादव के नेतृत्व में देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से एक व्यापक और भावनात्मक अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत भारत के हजारों कुलियों ने सामूहिक रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजकर अपने परिवारों की आजीविका और भविष्य को बचाने की गुहार लगाई। कुलियों ने अपने पत्र में कहा है कि वर्षों से रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सेवा करते हुए उन्होंने अनगिनत यात्राओं के यात्रा को आसान और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन आज वही कुली अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। रेलवे में तेजी से हो रहे आधुनिकीकरण, ठेका व्यवस्था और नई तकनीकों के विस्तार के कारण उनकी पारंपरिक रोज़ी-रोटी पर गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। कुलियों ने प्रधानमंत्री को यह भी स्मरण कराया कि रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 19 जून 2025 को देशभर के कुलियों की वास्तविक स्थिति का सर्वे कराने का आदेश जारी किया गया था। उस समय कुली वर्ग को उम्मीद जगी थी कि वर्ष 2008 की तरह उनके समायोजन और पुनर्वास की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। लेकिन आज तक उस सर्वे की प्रगति और उस पर की गई कार्रवाई की कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है, जिससे कुली परिवारों में गहरी निराशा और चिंता व्याप्त है। इस संबंध में राष्ट्रीय कुली मोर्चा के संयोजक राम सुरेश यादव ने कहा कि कुली वर्ग कोई विशेष सुविधा नहीं चाहता, बल्कि केवल सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित भविष्य की मांग कर रहा है।

**आयोजन : विश्वविद्यालयों में जातीय भेदभाव रोकने के लिए सख्त युजीसी इक्विटी रेगुलेशन लागू करने की मांग**

# लखनऊ में समता सम्मेलन

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ते जातीय भेदभाव के खिलाफ सख्त और प्रभावी नियामक व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर आज ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी – UGC रेगुलेशन समता आंदोलन के तत्वावधान में समता सम्मेलन का आयोजन यूपी प्रेस क्लब, लखनऊ में किया गया। सम्मेलन का संचालन शांतम निधि ने किया।

सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि देश भर के विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हालिया आंकड़ों का हवाला देते हुए वक्ताओं ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थानों में दर्ज भेदभाव से संबंधित शिकायतों में लगभग 118% की वृद्धि दर्ज की गई है, जो इस बात का संकेत है कि विश्वविद्यालयों में समानता और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत और जवाबदेह संस्थागत तंत्र की तत्काल आवश्यकता है। आइसा की केंद्रीय अध्यक्ष नेहा ने कहा कि "देश के कई विश्वविद्यालयों में दलित, बहुजन और वंचित तबकों के छात्रों को आज भी अपमान, अलगाव और संस्थागत हिंसा का सामना करना पड़ता है। कई मामलों में यह दबाव छात्रों को आत्महत्या जैसे चरम कदम तक ले जाता है। यह केवल व्यक्तिगत पूर्वाग्रह नहीं बल्कि संस्थागत भेदभाव का परिणाम है। इसलिए UGC इक्विटी रेगुलेशन को सख्ती से लागू करना और कैंपसों में प्रभावी एंटी-डिस्क्रिमिनेशन तंत्र बनाना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।" राजनीतिक टिप्पणीकार डॉ. मेडुसा ने कहा कि "आज उच्च शिक्षा का संकट केवल संसाधनों का नहीं बल्कि न्याय और समानता का संकट भी है। जब विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव को नजरअंदाज किया जाता है तो यह संविधान के मूल्यों के साथ सीधा विश्वासघात है। विश्वविद्यालयों को असमानता के पुनरुत्पादन का स्थान नहीं बल्कि सामाजिक न्याय के केंद्र बनना चाहिए।"आइसा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि "कैंपसों में दलित-बहुजन छात्रों के साथ होने वाले भेदभाव की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं, लेकिन संस्थागत स्तर पर कार्रवाई की प्रक्रिया बेहद कमजोर है।

> "सम्मेलन में वक्ताओं ने मांग की कि विश्वविद्यालयों में स्वतंत्र और पारदर्शी एंटी-डिस्क्रिमिनेशन तंत्र, समयबद्ध शिकायत निवारण व्यवस्था, नियमित सामाजिक ऑडिट और स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित की जाए ताकि छात्रों और शिक्षकों के लिए सुरक्षित और समानतापूर्ण शैक्षणिक वातावरण बनाया जा सके।

### भारतीय विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव एक गंभीर संरचनात्मक समस्या

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. रविकांत चंदन ने कहा कि "भारतीय विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव एक गंभीर संरचनात्मक समस्या है। इसे लंबे समय तक व्यक्तिगत घटनाओं के रूप में पेश किया गया, जबकि वास्तविकता यह है कि ये संस्थागत ढांचे में मौजूद असमानताओं से पैदा होता है। पिछले वर्षों में भेदभाव से जुड़ी शिकायतों में 118% वृद्धि इस संकट की गंभीरता को स्पष्ट करती है। इसलिए विश्वविद्यालयों में सख्त UGC इक्विटी रेगुलेशन और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाले स्वतंत्र तंत्र की आवश्यकता है।"

### गैस न मिलने पर हुसड़िया चौराहा जाम किया

लखनऊ। गैस सिलेंडर न मिलने से गुस्साए लोगों ने हुसड़िया चौराहे पर सड़क जाम कर दी। करीब 100 लोग सिलेंडर लेकर पहुंचे। सड़क पर सिलेंडर रखकर रास्ता रोक दिया। सूचना पर पुलिस टीम पहुंची। लोगों के सिलेंडर उठा-उठाकर आने-जाने वाली गाड़ियों को रास्ता दिलाया। मामला विराम खंड स्थित देवा पैलेस में गोमती भारत गैस एजेंसी के बाहर का है। सिलेंडर न मिलने से यहां दोपहर करीब 1 बजे गहमागहमी का माहौल बन गया। लोगों को पुलिस समझा रही थी, लेकिन वे हट नहीं रहे थे। सड़क जाम कर रहे लोगों ने राहगीरों को रोकने की कोशिश की, जिससे बहस भी हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर सड़क खाली कराई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद जाम खत्म हो गया और यातायात सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से शहर के कई इलाकों में गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर दिक्कत सामने आ रही है।

# संयुक्त व्यापार मंडल के पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ




तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। विगत दिनों संयुक्त व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकरन तिवारी द्वारा संगठन की समस्त कार्यकारिणी को भंग करते हुए संगठन में पुनः कर्मठ लोगों को मनोनीत करते हुए संगठन के विस्तार क्रम में राघवेंद्र सिंह चंदेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ,जनार्दन पांडेय राष्ट्रीय महामंत्री ,धर्मेंद्र कुमार सिंह राष्ट्रीय महामंत्री ,रमा श्रीवास्तव राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर नियुक्ति करते हुए उक्त जनों को संगठन की राष्ट्रीय अनुशासन समिति का सदस्य मनोनीत किया एवं बताया कि संगठन के समस्त नैतिक दायित्व का निर्वहन अनुशासन समिति के माध्यम से किया जाएगा एवं अनुशासन समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा । समस्त व्यापारी जन की समस्याओं को प्रमुखता से सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु शीघ्र संगठन पुनः द्रुति गति से कार्य करेगा। उन्होंने बताया व्यापारी हितों के लिए संगठन पहले भी संघर्ष करता रहा है और आगे भी पटरी दुकानदार से लेकर बड़े उद्योगों की समस्याओं के समाधान हेतु सरकार को समय-समय पर अवगत कराता रहेगा।

### छह लोगों से वसूली का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू कर दी गई

# वन दारोगा की नौकरी दिलाने का झांसा, 12.61 लाख की ठगी

**धोखाधड़ी**

- कई माह बाद हुआ ठगी का एहसास
- पुलिस ने शुरू की जांच




बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकर नगर में वन दारोगा की नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों से कुल 12 लाख 61 हजार रुपये वसूले जाने का आरोप है। मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कटका क्षेत्र के हैदराबाद गांव निवासी बृजेश, रुस्तमपुर के मंगेश, प्रवेश और चंदन, जलालपुर के अरुण और राजेश तथा सुलतानपुर जिले के चड़ीपुर कला गांव निवासी कृष्ण कुमार और रविशंकर सोनी को झारखंड में वन दारोगा की नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया था। मेडिकल के बाद सभी को रांची के एक होटल में ठहराया गया। बाद में उन्हें बोकारो ले जाया गया, जहां धर्मेंद्र यादव ने कथित तौर पर उन्हें वर्दी भी उपलब्ध कराई। इस दौरान आरोपितों ने पुलिस वेरीफिकेशन कराने और जल्द नियुक्ति मिलने का भरोसा दिया।

## झारखंड ले जाकर कराया मेडिकल

आरोप है कि आरोपित सभी लोगों को झारखंड के धनबाद ले गए और वहां दो दिन तक रोके रखा। इसके बाद शनि मंदिर के पास गेट नंबर एक के समीप स्थित सरकारी अस्पताल में उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया।

**पीड़ितों का कहना है कि कई महीने बीत जाने के बाद भी न तो नियुक्ति पत्र मिला और न ही मानदेय से संबंधित कोई सूचना मिली। इसके बाद उन्हें ठगी का संदेह हुआ।**

**पीड़ितों ने आरोपितों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद सभी ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।**

## फर्जी विज्ञापन दिखाकर वसूले रुपये

आरोप है कि झारखंड के रांची जिले के चतरा निवासी राहुल कुमार, राजीव कुमार, धर्मेंद्र यादव, मनोज पंडित और अमित सिंह के साथ इटावा जिले के लाखन मऊ गांव निवासी विकल कुमार ने फर्जी विज्ञापन दिखाकर नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद सभी पीड़ितों से अलग-अलग किस्तों में कुल 12 लाख 61 हजार रुपये ले लिए गए। पीड़ितों के अनुसार आरोपितों ने उन्हें विश्वास में लेने के लिए कई तरह की औपचारिकताएं भी कराईं। इससे उन्हें लगा कि भर्ती प्रक्रिया वास्तव में चल रही है।

## पुलिस ने शुरू की जांच

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी अजय प्रताप सिंह के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। आरोपों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 62 किलो भार वर्ग में मुकाबला करेंगी जिले की खिलाड़ी

- ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेने उड़ीसा पहुंचीं अंशिका वर्मा

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकर नगर। अम्बेडकर नगर की ताइक्वांडो खिलाड़ी अंशिका वर्मा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो महिला चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए उड़ीसा पहुंच गई हैं। यह प्रतियोगिता 16 से 21 मार्च तक फकीर मोहन विश्वविद्यालय में आयोजित की जा रही है।

अंशिका वर्मा अवध विश्वविद्या-लय से संबद्ध भानमती महाविद्यालय की छात्रा हैं और बीएड द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययन कर रही हैं। प्रतियोगिता में वह 62 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लेंगी। उनके साथ कोच आकांक्षा वर्मा भी उड़ीसा पहुंची हैं। अंशिका वर्मा ने हाल ही में आयोजित अंतर महाविद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था। यह प्रतियोगिता गोंडा के रघुकुल महिला विद्यापीठ में आयोजित हुई थी।

अंशिका पिछले एक वर्ष से अम्बेडकर नगर ताइक्वांडो एसोसिए-शन के तहत संचालित मन मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स क्लब, तमसा में प्रशिक्षण ले रही हैं। यहां उन्होंने नियमित अभ्यास और प्रतियोगिताओं के जरिए अपनी तैयारी मजबूत की है।

## जनपद से पहली महिला खिलाड़ी को मिला मौका

ताइक्वांडो एसोसिएशन के अनुसार, यह पहला अवसर है जब अम्बेडकर नगर की कोई महिला खिलाड़ी ताइक्वांडो में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग ले रही है। एसोसिएशन के सचिव मंगेश कुमार ने बताया कि अंशिका की उपलब्धि जिले के लिए महत्वपूर्ण है। उनकी सफलता से अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अंशिका वर्मा को शुभकामनाएं दीं। इनमें चेयरमैन राजन सुमन, उपाध्यक्ष बृजेश कुमार प्रजापति, सदस्य मनोज कुमार पाल और सुजीत कुमार शामिल रहे।

**फास्ट न्यूज**

## सीसीटीएनएस योजना में अम्बेडकर नगर को प्रदेश में पहला स्थान

अम्बेडकर नगर। जनपद ने सीसीटीएनएस योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनवरी 2026 में उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के निर्देशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## नन्हे रोजेदारों ने रखा पहला रोजा, टांडा में दिखा उत्साह

अम्बेडकर नगर । औद्योगिक बुनकर नगरी टांडा में रमजान के पवित्र महीने के दौरान कई मासूम बच्चों ने अपना पहला रोजा रखा। छोटे बच्चों के इस उत्साह और अनुशासन को देखकर परिवार और मोहल्ले के लोगों ने उनका हौसला बढ़ाया। सकरावल टांडा निवासी सात वर्षीय मोहम्मद इस्माइल, पुत्र इसरार अहमद ने भी इस बार अपना पहला रोजा रखा। पूरे दिन रोजा रखने के बाद इफ्तार के समय घर में खुशी का माहौल देखने को मिला। परिवार के लोगों ने बच्चे की हिम्मत और उत्साह की सराहना की।

## स्वच्छता योजना पर उठे सवाल

अम्बेडकर नगर । विकास खंड कटहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रतापपुर चमुर्खा में स्वच्छता से जुड़ी एसएलडब्ल्यू-एम योजना के क्रियान्वयन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के तहत लाखों रुपये खर्च दिखाए गए, लेकिन कई कार्य जमीन पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में कचरा निस्तारण, कूड़ा संग्रहण स्थल, गड्ढा निर्माण और अन्य स्वच्छता व्यवस्थाओं के नाम पर धनराशि खर्च दर्शाई गई है।

## जहांगीरगंज में अवैध नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान महिला की मौत

तमसा संकेत, संवाददाता



- स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही ने बढ़ाई सवालों की संख्या, संचालिका पर एफआईआर दर्ज

अम्बेडकर नगर । अम्बेडकरनगर जिले के जहांगीरगंज बाजार में दो साल से कागजों में सील चल रहे एक नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान हुई लापरवाही ने एक महिला की जान ले ली। राजेसुल्तानपुर के केदरुपुर निवासी संदीप की पत्नी 35 वर्षीय राजकला रविवार को प्रसव पीड़ा के चलते दिव्यांशु हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती हुई थी।

सुबह 10:40 बजे राजकला ने बेटी को जन्म दिया, लेकिन दोपहर करीब एक बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल संचालिका प्रियवंदा ने इलाज से हाथ खड़े कर दिए और परिजनों को महिला को मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर ले जाने को कहा। इलाज शुरू होते ही राजकला ने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, यह नर्सिंग होम जुलाई 2024 में तत्कालीन अधीक्षक के निरीक्षण में अवैध पाया गया था और सील कर दिया गया था। संचालिका कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सकी। बावजूद इसके, विभाग की लापरवाही या मिलीभगत के चलते अस्पताल दोबारा खुल गया और मरीजों की जान जोखिम में रही। अस्पताल संचालिका प्रियवंदा हथिनाराज गांव की रहने वाली हैं। पहले वह आशा बहू के पद पर तैनात थीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधीक्षक को अस्पताल तुरंत सील करने और दोषी संचालिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

# विद्युत दुर्घटनाओं से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा

### जिलाधिकारी ने तहसीलवार प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने को कहा

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकर नगर । विद्युत दुर्घटनाओं से होने वाली जन–धन हानि से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में हुई, जिसमें अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु और अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रंजीत सिंह मौजूद रहे।

बैठक में जिले में हुई विद्युत दुर्घटनाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों की तहसीलवार और प्रकर-णवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने इन मामलों की प्रगति की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों के कारणों पर भी चर्चा की।

समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि कई प्रकरण अधीक्षण अभियंता विद्युत, मुख्य अभियंता विद्युत और अधिशासी अभियंता विद्युत स्तर से आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध न होने के कारण लंबित हैं। कुछ मामलों में दस्तावेजों की कमी के चलते प्रकरणों का निस्तारण नहीं हो सका है।

इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवश्यक अभिलेख जल्द उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही अवशेष लंबित मामलों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि विद्युत दुर्घटनाओं में प्रभावित लोगों को राहत देने में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप पीड़ितों को निर्धारित नियमों के तहत जल्द सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

# 1 अप्रैल से स्कूल वाहनों पर विशेष अभियान

### फिटनेस, परमिट और सुरक्षा मानकों की होगी जांच

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकर नगर । स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग 01 अप्रैल 2026 से विशेष अभियान शुरू करेगा। इस अभियान के तहत जिले में चल रहे स्कूल बस और वैन की सघन जांच की जाएगी। नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान स्कूल वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी। इसमें फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा, पंजीकरण और चालक के वैध ड्राइविंग लाइसेंस की जांच प्रमुख रूप से शामिल रहेगी।

अभियान के दौरान वाहनों में लगाए गए सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की जाएगी। विभाग की ओर से जीपीएस, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट-एड बॉक्स और अग्निशामक यंत्र की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। परिवहन विभाग का कहना है कि इन सुरक्षा व्यवस्थाओं का होना स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा के लिए जरूरी है। इसलिए जांच के दौरान इन बिंदुओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जांच के दौरान यदि किसी वाहन में ओवरलोडिंग, अनफिट स्थिति या सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में चालान काटने, वाहन सीज करने और परमिट निरस्त करने जैसी कार्रवाई की जा सकती है।

### विद्युत नगर मार्केट में राज्य वित्त से बन रही नाली की गुणवत्ता पर लोगों ने जताई नाराज़गी

# नाली निर्माण कार्य पर उठे सवाल दुकानदारों और ग्रामीणों में आक्रोश

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। विकास खंड टांडा क्षेत्र स्थित एनटीपीसी चौकी के पास विद्युत नगर मार्केट में सड़क किनारे हो रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। लोगों का आरोप है कि राज्य वित्त से हो रहे इस सरकारी कार्य में गुणवत्ता और मानकों की अनदेखी की जा रही है।

स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों ने निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामग्री को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि नाली निर्माण में सरिया, शटरिंग, सीमेंट, बेस और गिट्टी की मात्रा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं दिखाई दे रही है। इससे निर्माण की मजबूती पर संदेह पैदा हो रहा है।

लोगों का कहना है कि यदि निर्माण इसी तरह चलता रहा तो नाली ज्यादा समय तक टिक नहीं पाएगी। इससे सरकारी धन के सही उपयोग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीणों और दुकानदारों का कहना है कि यदि नाली का निर्माण सही तरीके से नहीं हुआ तो बरसात के समय जल निकासी की समस्या बढ़ सकती है। बाजार और आसपास के इलाकों में जलभराव की स्थिति बनने की आशंका है।

स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मामले की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराकर मानकों के अनुसार नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में जल निकासी से जुड़ी समस्या न उत्पन्न हो।

**स्थानीय लोगों के अनुसार नाली निर्माण कार्य शुरू होने से पहले स्थल का सही तरीके से निरीक्षण नहीं किया गया। आरोप है कि संबंधित इंजीनियर और अधिकारियों ने बिना पर्याप्त जांच के ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया। इसका असर अब निर्माण स्थल पर दिखाई दे रहा है।**

## नक्शे के विपरीत हो रहा निर्माण

दुकानदारों का कहना है कि स्वीकृत नक्शे के अनुसार नाली का निर्माण सीधी रेखा में होना चाहिए था। लेकिन मौके पर नाली को टेढ़ा-मेढ़ा बनाया जा रहा है। सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर को ध्यान में रखकर योजना नहीं बनाई गई। इसके कारण निर्माण कार्य में असमानता दिखाई दे रही है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जल्दबाजी में काम कराया जा रहा है। इससे नाली की संरचना और उपयोगिता दोनों पर सवाल उठ रहे हैं।

# जिले में पीएम आवास योजना 2.0 की पहली किस्त जारी

### कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

- 807 लाभार्थियों को मिली 1-1 लाख रुपये की पहली किस्त

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त के रूप में 900 करोड़ रुपये की अनुदान राशि भेजी गई। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार, अम्बेडकरनगर में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में योजना के लाभार्थियों ने भाग लिया।

लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान अम्बेड-करनगर जिले के 807 लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से एक-एक लाख रुपये की पहली किस्त भेजी गई। इस धनराशि से लाभार्थी अपने आवास निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर सकेंगे।

कार्यक्रम के दौरान चयनित लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। लाभार्थियों ने योजना के लिए सरकार के प्रति आभार जताया और इसे अपने पक्के घर के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे, कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु और पीओ डूडा विशाल सारस्वत मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी भी शामिल हुए।

# गैस सिलिंडर की किल्लत 5-6 दिन तक इंतजार

तमसा संकेत, संवाददाता



- ऑनलाइन बुकिंग में तकनीकी समस्या और लंबी कतारों ने बढ़ाई मुश्किलें

अम्बेडकरनगर। अंबेडकरनगर में घरेलू गैस सिलिंडर की उपलब्धता में कमी के कारण उपभोक्ताओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सिलिंडर प्राप्त करने के लिए लोगों को 5 से 6 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार गैस कंपनियों के सर्वर पर अत्यधिक भार होने के कारण ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली ठप पड़ गई है। इसके चलते उपभोक्ताओं को वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) नहीं मिल पा रहा है और वे ऑनलाइन बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं। ऑनलाइन बुकिंग में दिक्कत के कारण उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के कार्यालयों और गोदामों पर जाकर सिलिंडर लेने की मजबूरी है। सोमवार को बाबा गैस एजेंसी समेत कई अन्य एजेंसियों पर सिलिंडर लेने के लिए भारी भीड़ देखी गई। उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं, जिला प्रशासन का कहना है कि जिले में गैस की कोई वास्तविक कमी नहीं है। प्रशासन के अनुसार सिलिंडर की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है और तकनीकी कारणों से ऑनलाइन बुकिंग में असुविधा हो रही है। स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि सिलिंडर की उपलब्धता और बुकिंग प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।

### प्रशिक्षण : अकबरपुर के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पहले दिन प्रक्रिया

# जनगणना -2027 की तैयारियां तेज

- फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू
- डाटा संकलन और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग की दी गई जानकारी

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जनगणना–2027 के सफल संचालन को लेकर जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में अकबरपुर स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में फील्ड ट्रेनरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। सोमवार को प्रशिक्षण के पहले दिन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों और मास्टर ट्रेनरों ने प्रतिभागियों को जनगणना की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु ने की। इस दौरान उप जिलाधिकारी एवं जनगणना प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी विकास यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फील्ड ट्रेनरों ने भाग लिया। अपर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फील्ड ट्रेनरों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है। इसके माध्यम से जनसंख्या, सामाजिक स्थिति और आर्थिक स्थिति से जुड़े अहम आंकड़े जुटाए जाते हैं। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार विकास योजनाओं की रूपरेखा तय करती है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही हर प्रक्रिया को गंभीरता से समझना जरूरी है।

## चरणबद्ध तरीके से चल रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रशासन के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण पूरा होने के बाद यही फील्ड ट्रेनर अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देंगे।

## डाटा संकलन और डिजिटल प्रणाली की दी गई जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने फील्ड ट्रेनरों को जनगणना की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई। इसमें डाटा संकलन की विधि, डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग और विभिन्न प्रपत्रों को सही तरीके से भरने की जानकारी दी गई। इसके अलावा फील्ड स्तर पर आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के दौरान सटीक और पूर्ण जानकारी जुटाना बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसलिए प्रत्येक चरण को सावधानी से पूरा करना जरूरी है।

## भियांव ब्लॉक में पशु चिकित्सा शिविर ग्रामीणों को दिया प्रशिक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता



- पशुपालकों को स्वास्थ्य और पालन-पोषण की महत्वपूर्ण जानकारी से किया अवगत

अम्बेडकरनगर। भियांव ब्लॉक परिसर में सोमवार को पशुपालन और पशु चिकित्सा को लेकर विशेष शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, बीमारियों से बचाव और पालन-पोषण के आधुनिक तरीकों की जानकारी देना था।

कार्यक्रम में अंबेडकरनगर जिले से डिप्टी सीवीओ डॉ. बद्रीनाथ पाठक और पशुपालन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार वर्मा, पशु प्रसार अधिकारी डॉ. विजय सिंह और कंपाउंडर अवधेश कुमार शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए।

शिविर में भियांव ब्लॉक के पशु मैत्री, ग्राम प्रधान और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। बांदीपुर के जयप्रकाश सिंह, इधना के श्याम लाल यादव, प्रतापपुर कला के नंदलाल व दिनेश कुमार चौधरी ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उच्च चिकित्सा पशु डॉक्टरों ने उपस्थित लोगों को पशुओं के स्वास्थ्य, दवाईयों के सही प्रयोग, पोषण और बीमारियों की पहचान से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

भियांव ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह, आईएसबी प्रदीप कुमार दुबे, लेखाकार अधिकारी पवन कुमार पांडे और एडीओ पंचायत फिरदौस आलम ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की।

## सम्पादकीय

# सोनम वांगचुक की रिहाई के मायने



क्या राष्ट्रीय सुरक्षा की परिभाषा भी अब भाजपा की सुविधा के अनुसार तय होगी, यह गंभीर सवाल पर्यावरण कार्यकर्ता और मैगसेसे पुरस्कार विजेता सोनम वांगचुक की रिहाई के फैसले के बाद उठा है। 26 सितंबर 2025 को सोनम वांगचुक को हिरासत में लिया गया था। पहले तो यह सरकार यह बताने ही तैयार नहीं थी कि वे किस जेल में रखे गए हैं। फिर बताया गया कि वे जोधपुर जेल में हैं। सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) लगाया था। लेकिन शनिवार को अचानक मोदी सरकार को यह ज्ञान प्राप्त हुआ कि अब वांगचुक देश की सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं और उनकी रिहाई का आदेश दिया गया। पहले तो यह बात समझ से परे थी कि अपने राज्य के हक की बात करने में देश की सुरक्षा को कैसे खतरा हो सकता है। बता दें कि 2019 में जम्मू-कश्मीर से लद्दाख को अलग करने और उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला मोदी सरकार ने लिया था। तब वहां की जनता को भरोसा दिलाया गया था कि अब उन्हें अच्छे से हक मिलेंगे और उनके राज्य की तरक्की होगी। लेकिन लद्दाखी जनता से किए वादे केंद्र सरकार ने पूरे नहीं किए और न ही उनकी मांगों का अब तक कोई समाधान निकाला गया। लद्दाख के लोगों की कुछ प्रमुख मांगें हैं, जैसे-लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्रों की सुरक्षा मिले। लेह और करगिल दोनों के लिए अलग-अलग परिषद हों और सरकारी नौकरियों की खाली जगहें भरी जाएं। इन्हीं मांगों को लेकर सोनम वांगचुक बीते साल से अलग-अलग मौक़ों पर आमरण अनशन और दिल्ली तक मार्च कर चुके हैं। अक्तूबर 2024 में उन्होंने लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और इसे छठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए लद्दाख से दिल्ली तक पैदल मार्च निकाला था। हालांकि दिल्ली पुलिस ने सिंधु बॉर्डर से उन्हें हिरासत में ले लिया था। साल 2025 में इसी मांग को लेकर 35 दिन की उनकी भूख हड़ताल के 15वें दिन 24 सितंबर को लेह में आंदोलन हिंसक हो गया जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई थी और तक़रीबन 50 लोग घायल हुए थे। इसके लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराते हुए और उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए हिरासत में लिया गया। Also Read - ऊर्जा संकट में फंसा देश उनकी हिरासत पर सवाल उठाते हुए उनकी पत्नी गीतांजलि जे एंग्मो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन इस पर सरकार बार-बार टालमटोल कर रही थी। आखिरकार न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने कह दिया था कि वे 17 मार्च को इस पर अंतिम सुनवाई करेंगे। पीठ ने यह भी कहा था कि सोनम वांगचुक के भाषणों के वीडियो इस बृहस्पतिवार को देखेंगे और उन्होंने रजिस्ट्रार से स्क्रीनिंग की व्यवस्था करने को कहा था। हालांकि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा था कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अस्वस्थ हैं और उन्होंने मामले में सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया है। लेकिन वांगचुक की पत्नी एंग्मो की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि मामले में बार-बार स्थगन से देश में 'गलत संदेश' जा रहा है। इसके बाद न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ने कहा, 'हम यह बिल्कुल स्पष्ट कर रहे हैं कि चाहे कुछ भी हो, हम अंतिम सुनवाई के बाद अगले मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रखेंगे। हम किसी भी नये बिंदु पर बहस की अनुमति नहीं देंगे और सॉलिसिटर जनरल, केवल कपिल सिब्बल द्वारा अपने जवाबी तर्क में उठाए गए नये बिंदुओं पर बहस कर सकते हैं।' बता दें कि सोनम वांगचुक के भाषणों में ही केंद्र सरकार को देशविरोधी साजिश नजर आ रही थी। लेकिन इससे पहले कि अदालत इन्हें सुनकर कोई राय बनाती, सरकार ने पहले ही वांगचुक की रिहाई का आदेश दे दिया। कानूनी तौर पर यह उनकी पत्नी और समर्थकों के लिए बड़ी जीत है। लेकिन यहां चिंता की एक बड़ी बात यह है कि आखिर भाजपा अपनी सुविधानुसार कब तक लोगों के अधिकारों के साथ ऐसा खेल करेगी। मोदी सरकार को सोनम वांगचुक के भाषण पसंद नहीं आए तो उन्हें जेल में डाल दिया, फिर लगा होगा कि एक साथ विरोध के कई मोर्चे खुल गए हैं। एक तरफ ईरान जंग के कारण देश में ईंधन का संकट है, दूसरी तरफ एपस्टीन फाइल्स पर विपक्ष के सवाल हैं, इनके बीच पांच राज्यों के चुनाव भी हैं, तो वांगचुक की रिहाई कर अपने लिए थोड़ी आसानी शायद भाजपा ने बनाई है।

# ईरान-इज़राइल युद्ध का मेटा-इकोनॉमिक्स इफ़ेक्ट

> भारत के लिए यह समय है कि वह दीर्घकालिक रणनीतियों पर और अधिक ध्यान दे ऊर्जा आत्मनिर्भरता, अक्षय ऊर्जा का विस्तार, आपूर्ति शृंखलाओं का विविधीकरण, रणनीतिक ऊर्जा भंडारण और आर्थिक जोखिम प्रबंधन।



दुनिया में होने वाले युद्ध अक्सर हमें भौगोलिक रूप से दूर लगते हैं। सुबह अख़बार या टीवी पर कोई व्यक्ति मध्य-पूर्व में चल रहे संघर्ष की खबर सुनता है, उसे एक विदेशी घटना मानता है और अपने दैनिक काम पर निकल जाता है लेकिन कुछ ही दिनों या हफ्तों में वही व्यक्ति महसूस करता है कि पेट्रोल महँगा हो गया है, टैक्सी का किराया बढ़ गया है, बाहर खाना महँगा हो गया है और घर के किचन का बजट भी बदल गया है। यही वह क्षण है जब एक दूरस्थ भू-राजनीतिक घटना मेटा-इकोनॉमिक्स प्रभाव के रूप में हमारे जीवन में प्रवेश करती है। जब कोई घटना आर्थिक व्यवस्था को इस तरह प्रभावित करती है कि उसका असर केवल प्रत्यक्ष पक्षों तक सीमित नहीं रहता बल्कि उससे जुड़े दूरस्थ क्षेत्रों और अप्रत्यक्ष तंत्रों तक फैल जाता है, तो उसे मेटा-इकोनॉमिक्स प्रभाव कहा जा सकता है। "मेटा" का अर्थ है परे या मूल व्यवस्था से आगे, यानी वह स्तर जहाँ किसी घटना का प्रभाव अपने मूल स्रोत से निकलकर पूरे आर्थिक इकोसिस्टम में फैलने लगता है। आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था में देश, बाजार, ऊर्जा संसाधन, तकनीक, वित्तीय प्रणाली और आपूर्ति शृंखलाएँ इतनी गहराई से जुड़ी हुई हैं कि किसी एक क्षेत्र में पैदा हुआ झटका पूरी दुनिया में आर्थिक तरंगें पैदा कर सकता है। दरअसल यह विचार बिल्कुल नया भी नहीं है। भारतीय चिंतन में सनातन अर्थशास्त्र इसी सिद्धांत की ओर संकेत करता है कि कोई भी तत्व अकेला अस्तित्व नहीं रखता। हर घटना, हर इकाई और हर व्यवस्था एक परस्पर जुड़ी हुई प्रणाली का हिस्सा है। इसलिए आर्थिक घटनाओं को केवल सरल कारण-परिणाम के सूत्र से नहीं समझा जा सकता। वे सामाजिक, राजनीतिक, तकनीकी और पारिस्थितिक शक्तियों की संयुक्त अंतःक्रिया से उत्पन्न होती हैं। ईरान-इज़राइल-अमेरिका के बीच चल रहा तनाव इसी मेटा-इकोनॉमिक्स प्रभाव का एक जीवंत उदाहरण है। आज के कनेक्टेड दुनिया में युद्ध का प्रभाव युद्धक्षेत्र से बहुत आगे तक होता है. जब अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर सैन्य कार्रवाई की गई तो यह केवल तीन देशों के बीच की घटना नहीं रही। इसके प्रभाव वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में तरंगों की तरह फैलने लगे। आज की दुनिया में हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में वैश्विक आर्थिक तंत्र से जुड़ा हुआ है। उदाहरण के लिए भारत में एक छोटा रेस्टोरेंट चलाने वाला व्यक्ति शायद यह नहीं सोचता कि मध्य-पूर्व में चल रहा युद्ध उसके व्यवसाय को प्रभावित कर सकता है लेकिन कुछ ही समय में वह पाता है कि गैस सिलेंडर महँगा हो गया है, खाद्य सामग्री की कीमतें बढ़ गई हैं और ग्राहकों की संख्या कम हो गई है। यही वैश्विक आर्थिक "इंटैंग-लमेंट" है एक ऐसा जाल जिसमें दुनिया की लगभग हर अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से जुड़ी हुई है। इसका प्रभाव केवल उस तक ही नहीं यह सौदों को कम कर रही मतलब यह GST और इनकम टैक्स को भी कम कर रही है. आज ऊर्जा वैश्विक अर्थव्यवस्था की धुरी बन गया है. मध्य-पूर्व का महत्व मुख्यतः ऊर्जा संसाधनों के कारण है। आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था अभी भी तेल और गैस पर अत्यधिक निर्भर है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकता का लगभग 80–85 प्रतिशत तेल आयात करता है, और इसका बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व से आता है। विशेष रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ विश्व ऊर्जा आपूर्ति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है जहाँ से दुनिया के लगभग एक-पाँचवें तेल का परिवहन होता है। यदि युद्ध के कारण इस मार्ग में तनाव या बाधा उत्पन्न होती है, तो उसके प्रभाव तुरंत दिखाई देने लगते हैं. कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, पेट्रोल-डीजल और गैस महँगे हो जाते हैं, परिवहन लागत बढ़ती है, निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएँ महँगी हो जाती हैं और अंततः खाद्य तथा उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होने लगती है। इस प्रकार मध्य-पूर्व का युद्ध धीरे-धीरे दूर बैठे परिवारों की रसोई तक पहुँच जाता है। युद्ध केवल ऊर्जा बाजार को ही प्रभावित नहीं करता। आधुनिक अर्थव्यवस्था जटिल वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं पर आधारित है। यदि किसी क्षेत्र में सैन्य तनाव बढ़ता है, तो समुद्री मार्गों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है, शिपिंग बीमा महँगा हो सकता है, जहाजों को लंबा मार्ग अपनाना पड़ सकता है और माल ढुलाई की लागत बढ़ सकती है। इन सबका प्रभाव मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, एविएशन और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है। परिणामस्वरूप महँगाई बढ़ती है और कई बार आर्थिक गतिविधियों में मंदी की आशंका भी बढ़ जाती है। केंद्रीय बैंक महँगाई नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरें बढ़ा सकते हैं, जिससे आम लोगों की EMI तक प्रभावित हो सकती है। आज मेटा-इकोनॉमिक्स प्रभाव केवल संसाधनों तक सीमित नहीं है यह तकनीकी निर्भरता में भी दिखाई देता है। उदाहरण के लिए वैश्विक विमान निर्माण उद्योग मुख्यतः दो कंपनियों बोइंग और एयरबस के हाथों में केंद्रित है। यदि भू-राजनीतिक कारणों से इन कंपनियों द्वारा किसी देश को विमान या स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति रोक दी जाए तो उस देश की एविएशन इंडस्ट्री गंभीर संकट में पड़ सकती है जैसा कि ईरान प्रभावित है। आज ईरान को पुराने जहाजों से ही काम चलाना पड़ता है. यह उदाहरण बताता है कि आधुनिक विश्व में आर्थिक शक्ति केवल संसाधनों या बाजार से नहीं बल्कि तकनीकी नियंत्रण और औद्योगिक प्रभुत्व से भी निर्धारित होती है। भारत और ईरान के बीच सभ्यता के शुरू से ही व्यापारिक और सांस्कृतिक सम्बन्ध रहें हैं. भारत के लिए ईरान-इज़राइल संघर्ष केवल एक विदेशी राजनीतिक घटना नहीं है। इसका असर कई स्तरों पर दिखाई दे सकता है। सबसे पहले ऊर्जा आयात महँगा होने से भारत का ऊर्जा आयात बिल बढ़ सकता है। इससे चालू खाता घाटा बढ़ने और रुपये पर दबाव आने की संभावना रहती है। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि महँगाई को बढ़ा सकती है, जिससे परिवहन, खाद्य और निर्माण लागत प्रभावित होती है।

**पंकज जायसवाल**

## तेजस्वी यादव ने ...

पंकज जायसवाल

# केरल में कांग्रेस के खिलाफ प्रचार करेंगे तेजस्वी !



बिहार में राज्यसभा चुनाव के बीच राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने एक ऐसा राजनीतिक बयान दिया है, जिससे विपक्षी राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने घोषणा की कि उनकी पार्टी केरल में होने वाले विधानसभा चुनाव में वाम दलों के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के साथ मिलकर तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। तेजस्वी यादव के इस बयान को कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि केरल में कांग्रेस वाम दलों के खिलाफ मुख्य विपक्षी भूमिका में रहती है। ऐसे में राजद का वाम दलों के साथ चुनाव लड़ना कांग्रेस के साथ राजनीतिक दूरी का संकेत माना जा रहा है। बताया जाता है कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन के विधायकों के साथ बैठक के बाद यह घोषणा की है . गौरतलब है कि सोमवार (16 मार्च) को बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए मतदान होना है. ऐसे में राज्य की पांचवीं सीट को लेकर खींचतान देखी जा रही है. इस सीट पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईए-मआईएम और बहुजन समाज पार्टी किंगमेकर की भूमिका में दिखाई दे रही है. दोनों ही दलों का समर्थन एनडीए या महागठबंधन को मिला तो उसी की जीत होगी. ऐसे में ओवैसी और बीएसपी के विधायकों पर सबकी नजर बनी हुई है. तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि केरल में उनकी पार्टी का पहले से आधार रहा है और वहां पहले भी राजद के विधायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण पार्टी ने एक बार फिर वहां चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उनका कहना था कि राजद केरल में वाम दलों के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि यह गठबंधन फिर से सत्ता में लौटे। तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी पार्टी केरल में सीमित सीटों पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन गठबंधन के साथ मिलकर काम करेगी। तेजस्वी यादव के इस फैसले का राजनीतिक महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि केरल में मुख्य मुकाबला वाम दलों के नेतृत्व वाले गठबंधन और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच होता है। इस स्थिति में राजद का वाम दलों के साथ चुनाव लड़ना सीधे तौर पर कांग्रेस के खिलाफ खड़ा होने जैसा माना जा रहा है। बिहार में जहां राज्यसभा चुनाव के दौरान राजद को कांग्रेस के समर्थन की जरूरत है, वहीं दूसरी ओर केरल में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। केरल की राजनीति लंबे समय से दो प्रमुख गठबंधनों के बीच घूमती रही है। एक ओर वाम दलों के नेतृत्व वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा है। इन दोनों गठबंधनों के बीच राज्य की सत्ता के लिए लगातार मुकाबला होता रहा है। केरल में लंबे समय तक यह परंपरा रही कि हर चुनाव में सत्ता परिवर्तन होता था और जनता एक बार वाम दलों को तो अगली बार कांग्रेस गठबंधन को सत्ता में लाती थी। इन सब के बीच सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बिहार और केरल की राजनीति में गठबंधनों का समीकरण बहुत अलग है। बिहार में RJD की अगुवाई वाले महागठबंधन में कांग्रेस और वाम दल छोटे सहयोगी की भूमिका में हैं। वहीं केरल में कांग्रेस और CPI(M) के नेतृत्व वाले वाम दल एक-दूसरे के कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं। यही कारण है कि जहां बिहार में कांग्रेस और वाम दल एक साथ चुनाव लड़ते हैं, वहीं केरल में दोनों अलग-अलग मोर्चों पर आमने-सामने खड़े होते हैं। ऐसे में RJD का LDF के साथ जाना राजनीतिक रूप से एक दिलचस्प समीकरण बना रहा है। दरअसल, पांच राज्यों की विधानसभा चुनाव तिथियों की घोषणा ने वामपंथी दलों के लिए राजनीतिक रणभूमि तैयार कर दी है। केरल में अपने एकमात्र मजबूत गढ़ को बचाए रखने और पश्चिम बंगाल में खोई राजनीतिक पकड़ को वापस हासिल करने की चुनौती उनके सामने है, जिससे ये चुनाव उनके लिए न केवल सत्ता की रक्षा बल्कि राजनीतिक पुनरुत्थान की कसौटी भी साबित होंगे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एमए बेबी ने कहा कि वामपंथी दल संगठनात्मक और राजनीतिक रूप से चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार हैं, खासकर केरल में जहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की तैयारी कर रहा है। केरल में 9 अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने हैं और इस बार भी राजनीतिक मुकाबला तीन मुख्य मोर्चों के बीच रहने की संभावना है।

## फिर उसी साल...

सुभाष शिरढोनकर

# सनी लियोन वाला किरदार निभाएंगी तमन्ना भाटिया



एकता कपूर की फिल्म 'रागिनी एमए-मएस' के तीसरे पार्ट 'रागिनी एमएमएस 3' के लिए एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का नाम फायनल हो चुका है। सनी लियोन की तरह तमन्ना भी अब इस फिल्म के जरिए अपने हुस्न के जलवे दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शशांक घोष व्दारा डायरेक्ट की जाने वाली इस फिल्म में वह आमिर खान के बेटे जुनैद खान संग रोमांस करते नजर आने वाले हैं। इस डार्क कॉमेडी और म्यूजिकल फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और फिल्म अगले साल रिलीज होगी। 21 दिसंबर 1989 को मुंबई में जन्मीं तमन्ना आज बॉलीवुड और फैशन की दुनिया की मशहूर हस्तियों में से एक हैं। रेड कार्पेट से लेकर कैजुअल आउटिंग तक, तमन्ना हर मौके पर स्टाइलिश और ट्रेंडी दिखती हैं। उनके कपड़े हमेशा फैशन ट्रेंड्स के हिसाब से होते हैं और उनका स्टाइल उनकी पर्सनालिटी को और भी निखार देता है। खूबसूरती के मामले में तो वह ऐश्वर्या को कड़ी टक्कर देती है। फिल्मों में कदम रखने से पहले साल 2005 में सिंगर अभिजीत सावंत म्यूजिक वीडियो 'लफ्जों में' में पहली बार तमन्ना भाटिया को नोटिस किया गया था। उसके बाद उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' (2005) से की थी। फिर उसी साल तेलुगु फिल्म 'श्री' (2005) और उसके उसके अगले साल तमिल फिल्म 'केडी' (2006) में काम किया। इसके बाद उनकी तेलुगु फिल्म 'हैप्पी डेज़' और तमिल फिल्म 'कल्लूरी' (2007) आईं। करियर के शुरुआती दिनों में तमन्ना भाटिया ने छोटे मोटे रोल भी किए मगर आगे उनकी मेहनत, टैलेंट और आत्मविश्वास ने उन्हें सिर्फ साउथ ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पहचान दिलाई और देखते ही देखते वह साउथ की फिल्म इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस बन गईं। तमन्ना भाटिया को सबसे ज्यादा पॉपुलेरिटी पेन इंडिया फिल्म 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' (2015) और 'बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन' (2017) से मिली। फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' (2005) के बाद तमन्ना ने 'हिम्मतवाला' (2013), 'हमशकल्स' (2014), 'एंटरटेनमेंट' (2014), 'तूतक तूतक तूतिया' (2016), 'खामोशी' (2019) और 'बबली बाउंसर' (2022) 'प्लान ए प्लान बी' (2022) और 'सिकंदर का मुकद्दर' (2024) जैसी हिंदी फिल्में कीं लेकिन साउथ की तरह उन्हें यहां उतनी कामयाबी नहीं मिल सकी। दूसरी तरफ तमन्ना भाटिया ने जब कुछ हिंदी फिल्मों मे स्पेशल सॉंग अपीयरेंस किया, तब उन पर फिल्माये गये वे डांस नंबर काफी सराहे गये। फिल्म 'हिम्मतवाला' (2013) में अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए उन्होंने 'ताकी ताकी...' किया था।

## जरा हटके

## सुप्रीम कोर्ट ने...

विशाल खालदे

# एलपीजी का विकल्प बने बायोगैस



दुनिया के कई हिस्सों में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव अब ऊर्जा बाजारों पर भी असर डाल रहा है। एलपीजी की आपूर्ति को लेकर हो रही चर्चाओं ने फिर यह सवाल खड़ा किया है कि क्या देश को ईंधन के मोर्चे पर कुछ और घरेलू स्रोतों को मजबूत करना चाहिए? दरअसल भारत के पास पहले से ही एक ऐसा संसाधन है जिसे अक्सर केवल कचरा समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। यही संसाधन भविष्य में गैस आपूर्ति का एक घरेलू आधार बन सकता है। यह संसाधन है जैविक कचरा, जो खेतों से लेकर शहरों की रसोइयों तक हर जगह मौजूद है। हर साल भारत में बड़ी मात्रा में जैविक कचरा उत्पन्न होता है। इसमें खेतों से निकलने वाला फसल अवशेष, पशुओं का गोबर, शहरों का गीला कचरा और बाजारों से निकलने वाला खाद्य कचरा शामिल है। इन सबका उपयोग बायोगैस और कंप्रेस्ड बायोगैस बनाने के लिए किया जा सकता है। इस गैस का उपयोग खाना पकाने, बिजली बनाने या वाहनों को चलाने में किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टूवड्र्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन (एसएटीएटी) योजना शुरू की थी। इसका लक्ष्य देश में कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करना और जैविक कचरे को ईंधन में बदलना है। पिछले कुछ वर्षों में देश में ऐसे कई संयंत्र स्थापित किए गए हैं और उनसे गैस का उत्पादन भी शुरू हो चुका है। यदि इस व्यवस्था को विस्तार दिया जाए, तो इसका प्रभाव केवल शहरों की रसोइयों तक सीमित नहीं रहेगा। यह कृषि, शहरी प्रबंधन, उद्योग और परिवहन सहित कई क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। भारत के खेतों से हर साल लाखों टन फसल अवशेष और पशुओं का गोबर निकलता है। इन सामग्रियों को संसाधित करने के लिए बड़े बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं। यदि ऐसे संयंत्र गांवों और सहकारी समितियों के माध्यम से विकसित किए जाएं, तो हर साल पर्याप्त मात्रा में गैस का उत्पादन किया जा सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त आय का स्रोत भी बन सकता है। गोबर और कृषि अवशेष से गैस बनाने के कुछ प्रयोग पंजाब और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में पहले ही शुरू हो चुके हैं। किसान अपने पशुओं का गोबर या खेत का अवशेष गैस संयंत्रों तक पहुंचाते हैं और बदले में उन्हें भुगतान मिलता है। संयंत्र में बनने वाली गैस का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है, जबकि अवशेष जैविक खाद के रूप में फिर खेतों में लौट जाता है। इससे एक चक्र बनता है-कचरा खेत से निकलता है और खाद बनकर फिर खेत में लौटता है। ऐसी संभावना शहरों में भी मौजूद है। भारतीय शहरों से सालाना छह करोड़ टन ठोस कचरा निकलता है, जिसमें आधे से अधिक जैविक होता है। यदि इस कचरे को अलग करके बायोगैस संयंत्रों तक पहुंचाया जाए तो काफी मात्रा में गैस तैयार की जा सकती है। इंदौर ने बेहतर कचरा प्रबंधन के साथ बायोगैस परियोजनाओं पर काम किया है, जहां गीले कचरे से ऊर्जा बनाने की पहल हुई है। जमशेदपुर में भी खाद्य कचरे को बायोगैस में बदलने के प्रयोग किए गए हैं। यदि नगर निकाय बाजारों, होटलों और घरों से गीला कचरा व्यवस्थित तरीके से इकट्ठा कर उसे बायोगैस संयंत्रों तक भेजें, तो शहरों को दो लाभ मिल सकते हैं। एक तरफ कचरे की मात्रा कम होगी और दूसरी तरफ गैस का एक स्थानीय स्रोत तैयार होगा। उद्योग क्षेत्र में भी बायोगैस की भूमिका बढ़ सकती है। खाद्य प्रसंस्करण, डेरी या कपड़ा उद्योग जैसे कई छोटे और मध्यम उद्योग जैविक अपशिष्ट उत्पन्न करते हैं। यदि ऐसे उद्योग अपने परिसर में छोटे बायोगैस संयंत्र स्थापित करें, तो वे अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक हिस्सा स्वयं पूरा कर सकते हैं। इससे एलपीजी या अन्य ईंधनों पर होने वाला खर्च भी कम हो सकता है। परिवहन क्षेत्र में भी कंप्रेस्ड बायोगैस का उपयोग बढ़ रहा है। देश में सीएनजी पर चलने वाले वाहन मौजूद हैं और उसी ढांचे में बायोगैस आधारित ईंधन का उपयोग भी किया जा सकता है। कुछ शहरों में आटो-रिक्शा और छोटे ट्रक ऐसे ईंधन का उपयोग करना शुरू कर चुके हैं। हालांकि यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि बायोगैस अचानक भारत की पूरी ऊर्जा जरूरतों को बदल देगी। देश की कुल गैस मांग बहुत बड़ी है, लेकिन यदि कृषि, शहरों, उद्योगों और परिवहन में छोटे-छोटे प्रयास जुड़ते जाएं, तो उनका प्रभाव धीरे-धीरे दिखाई दे सकता है। उत्साहजनक बात यह है कि अब कई छोटे, विकेंद्रीकृत और आसानी से स्थापित किए जा सकने वाले बायोगैस सिस्टम उपलब्ध हैं। इनमें से कुछ प्लग-एंड-प्ले माड्यूलर तकनीकों के रूप में आते हैं, जो होटल, बाजार, हाउसिंग सोसायटी या छोटे उद्योगों के स्तर पर ही जैविक कचरे को गैस में बदलने की प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं। परिणामस्वरूप ऊर्जा उत्पादन का माडल धीरे-धीरे बड़े केंद्रीकृत संयंत्रों से हटकर अधिक स्थानीय प्रणालियों की ओर बढ़ सकता है। वर्तमान में भारत में जैविक कचरे का बड़ा हिस्सा बेकार चला जाता है। खेतों में फसल अवशेष जला दिए जाते हैं, शहरों में गीला कचरा लैंडफिल में जमा हो जाता है और रसोई का कचरा शहरों के बाहर डाला जाता है।

## झगड़े की पंचायत में पत्नी को भी घायल किया, चाकू से ताबड़तोड़ हमले किए

# दामाद ने सास-साले को मार डाला

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। बरेली में सोमवार को पंचायत के दौरान दामाद ने सास और साले की हत्या कर दी। उसका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। उसी को लेकर पंचायत बुलाई गई थी। तभी दामाद ने ससुरालवालों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना इज्जत-नगर थाना क्षेत्र के रहपुरा चौधरी की है। अफसर खान बरेली के रहपुरा चौधरी का रहने वाला है। उसके दो बच्चे- फैज (8) और आयशा (5) हैं। अफसर का अपनी पत्नी साइमा खान (30) से आए दिन झगड़ा होता था। इसके चलते साइमा पिछले 5 दिनों से पास में ही स्थित अपने




मायके में रह रही थी। सोमवार को इस झगड़े को खत्म करने के लिए पंचायत बुलाई गई थी। अफसर के घर से 50 मीटर दूर ज्वेलर राशिद खान के घर पर पंचायत चल रही थी। इसमें दोनों के परिवारवालों को बुलाया गया था। साइमा की बहन ने बताया- कल भी मारपीट की थी, तो 112 पर फोन करके पुलिस बुलाई गई थी। तब वह भाग गए थे। आज मार डाला।

### मौके पर पहुंचे अफसर, आरोपी के पिता पर भी आरोप

वारदात के बाद एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ थर्ड पंकज श्रीवास्तव, इज्जतनगर इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह फोर्स और फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस हमलावर की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

### कल भी मारपीट की थी, आज मार डाला

साइमा की बहन साहिबा ने बताया- जीजा एंबुलेंस चलाते है। वो पहले भी मारपीट कर चुके थे। 9 साल पहले शादी हुई थी। कल भी मारपीट की थी, तो 112 पर फोन करके पुलिस बुलाई गई थी। तब वह भाग गए थे। आज पंचायत के लिए बुलाया गया उस दौरान हमला कर दिया। भाई और मां की मौत हो गई है। दीदी की हालत गंभीर है।

> 66 एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया- एक आदमी ने अपनी सास और साले की चाकू मार कर हत्या कर दी है। पत्नी भी घायल है। घटना को लेकर परिवार वालों से बात की गई है। पता चला है कि पति पत्नी का विवाद था। इसी समाधान के लिए राशिद के घर पर पंचायत बुलाई गई थी।

- मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। लोगों से पूछताछ कर रही है।
- अफसर ने ज्वेलर के घर के अंदर ही अपनी सास और साले की हत्या कर दी। मौके पर खून फैल गया।



शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सास और साले की मौके पर मौत, पत्नी अस्पताल में भर्ती

अफसर खान ने अपनी सास आसमा (54) और साले आदिल (20) पर चाकुओं से कई वार किए। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव करने आई पत्नी साइमा को भी उसने नहीं बख्शा। उसे भी चाकू से गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। साइमा को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। पंचायत में अफसर अपने साथ चाकू भी लाया था। बातचीत के दौरान अचानक वह उग्र हो गया। उसने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

## एंटी करप्शन ने लेखपाल को 5 हजार रुपए लेते पकड़ा

### ललितपुर में सहयोगी भी गिरफ्तार, पानी में हाथ डालते ही हुआ लाल

तमसा संकेत, एजेंसी

ललितपुर। ललितपुर में एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल और उसके साथी को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी तहसील परिसर में सोमवार दोपहर हुई। दोनों ने किसान से 5 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। टीम ने सभी के सामने केमिकल वाले पानी से दोनों के हाथ धुलवाए, जिसमें पानी का रंग गुलाबी हो गया। इससे साबित हो गया कि दोनों ने रिश्वत ली है। सूचना मिलते ही SDM अभिजीत सिंह भी मौके पर पहुंचे। टीम से कार्रवाई और शिकायत करने वालों से बात की। मजरा बौलारी गांव बिजरौठा के रहने वाले किसान जगन्नाथ साहू अपनी खेती की जमीन को आवासीय-व्यावसायिक उपयोग के लिए बदलवाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 19 फरवरी, 2026 को तालबेहट के SDM को प्रार्थना पत्र दिया था।



SDM ने मामले में रिपोर्ट देने के लिए क्षेत्र के लेखपाल को निर्देश दिए थे। लेकिन, लेखपाल दीपेश कुमार सिंह ने जगन्नाथ से रिपोर्ट लगाने के एवज में 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। जगन्नाथ ने उनसे काफी मिन्नतें कीं, लेकिन लेखपाल 5 हजार रुपए से एक रुपया भी कम लेने को तैयार नहीं था। जगन्नाथ ने 1 हजार रुपए देने की पेशकश की, लेकिन लेखपाल ने इनकार कर दिया। इसके बाद जगन्नाथ ने इसकी शिकायत झांसी मंडल की एंटी करप्शन टीम से कर दी।

**फास्ट न्यूज**

### यूपी एसआई परीक्षा में 'पंडित' शब्द पर विवाद

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर (SI) भर्ती परीक्षा के एक प्रश्न को लेकर गाजीपुर के कासिमाबाद में विवाद खड़ा हो गया है। प्रश्न में अवसर के अनुसार बदल जाने वाला॰ वाक्यांश के विकल्पों में पंडित शब्द दिए जाने पर ब्राह्मण समाज ने कड़ी आपत्ति जताई है। ब्राह्मण समाज का कहना है कि ॰पंडित॰ शब्द का प्रयोग परंपरागत रूप से विद्वान और सम्मानित व्यक्ति के लिए होता है। इसे अवसरवादी अर्थ में जोड़ना अपमानजनक है।

### छेड़छाड़ करने पर महिलाओं ने युवक को 19 चप्पलें मारीं

कानपुर। कानपुर में छेड़छाड़ करने पर 4 महिलाओं ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। महिलाओं ने उसे पकड़कर करीब 19 चप्पलें मारीं। इस दौरान एक महिला ने युवक का कॉलर पकड़कर उसे दीवार से भिड़ा दिया, जिसके बाद 2 अन्य महिलाएं उसे मारने लगीं। हंगामे के बीच एक महिला फावड़ा लेकर युवक पर हमला करने दौड़ी, लेकिन एक महिला ने उसे रोक लिया। इसी दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे एक युवक ने भी आरोपी को 2 थप्पड़ जड़ दिए और कहा- इसके सिर पर ईंट से मारो।

### यूपी बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन 18 मार्च से होगा शुरू

देवरिया। देवरिया में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू होगा। यह प्रक्रिया 1 अप्रैल तक चलेगी। जिले में इसके लिए पांच मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम तैयार करना भी शामिल है। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त हो गई थीं।

## जनगणना-2027 के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। भारत की जनगणना, 2027 के प्रथम चरण "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना" के सफल संचालन हेतु जनपद बाराबंकी में फील्ड ट्रेनर (थ्ज्) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सागर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, अयोध्या रोड, निकट रसौली, बाराबंकी में प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी के करकमलों द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जनगणना कार्य का शुभारंभ आज से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना पूर्णतः ऐप आधारित एवं डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिससे आंकड़ों के




संकलन, संधारण तथा विश्लेषण में काफी सुविधा होगी और योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में सटीकता आएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना जनकल्याण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। सही एवं सटीक आंकड़ों के आधार पर ही सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर सकती है। जिस प्रकार किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य की जांच प्रयोगशाला में विभिन्न परीक्षणों के माध्यम से की जाती है, उसी प्रकार समाज की वास्तविक स्थिति का आकलन भी जनगणना के माध्यम से किया जाता है।

# छुट्टी नहीं देने पर बैंक मैनेजर की हत्या

### ऑफिस के अंदर गार्ड ने सीने में गोली मारी, राइफल लेकर भागा

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर अभिषेक शर्मा (34 साल) की सोमवार को गार्ड ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह बिहार में पटना के रहने वाले थे। गार्ड कई दिनों से मैनेजर अभिषेक से छुट्टी मांग रहा था। गार्ड रवींद्र सोमवार दोपहर करीब 1:45 बजे मैनेजर के पास पहुंचा। जहां छुट्टी को लेकर अभिषेक शर्मा से उसका विवाद हो गया। इसी बीच रवींद्र ने बंदूक से उनकी छाती पर गोली मार दी। अभिषेक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। बैंक में फायरिंग से लोग दहशत में आ गए। इसी बीच आरोपी गार्ड अपने एक अन्य साथी के साथ मौके से भाग निकला। बैंक स्टाफ ने मैनेजर को बाइक से दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई।



घटना से जुड़ा बैंक के गेट का एक CCTV सामने आया है, जिसमें गार्ड अपने साथी के साथ दिख रहा था। उसके भागने के कुछ मिनट बाद बैंक मैनेजर को लोग उठाकर ले जाते दिखे। वारदात लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बलराम नगर इलाके की है। घटना के समय बैंक में मैनेजर समेत पांच कर्मचारी काम कर रहे थे। जब तक अन्य कर्मचारी कुछ समझ पाते, तब तक गार्ड ने मैनेजर के सीने में गोली मार दी। प्रत्यक्षदर्शी आरएन पांडेय ने बताया, मैं भी बैंक आया था। अंदर जा ही रहा था, तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी तो रुक गया।

> 66 एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया आरोपी गार्ड बागपत का रहने वाला है। काफी समय से छुट्टी को लेकर मैनेजर अभिषेक शर्मा से विवाद था। इसके चलते उसने यह घटना अंजाम दी। आरोपी की तलाश के लिए टीमें लगा दी हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आर्मी से रिटायर्ड है आरोपी गार्ड

पुलिस के अनुसार, गार्ड रवींद्र हुड्डा 2018 में आर्मी से रिटार्यड हुआ था। वह बागपत के मंसूरपुर गांव का रहने वाला है। रवींद्र की तीन महीने पहले पंजाब एंड सिंध बैंक में नौकरी लगी थी। सोमवार सुबह वह ड्यूटी पर नहीं आया तो बैंक मैनेजर ने उसे फोन किया। ड्यूटी पर न आने का कारण पूछते हुए फटकार लगाई थी। अभिषेक ने यह भी कहा कि तुरंत बैंक आओ।



- बैंक मैनेजर का ओपन चैंबर था, जहां वे बैठते थे। इसी जगह उन्हें गोली मारी गई।
- प्रत्यक्षदर्शी आरएन पांडेय ने बताया, गार्ड बंदूक लेकर बाहर निकला था। इसके बाद मैनेजर को अस्पताल पहुंचाया गया।

### गाजियाबाद में पत्नी के साथ रहते थे अभिषेक

बैंक मैनेजर अभिषेक शर्मा बिहार में पटना के लखीपुर के रहने वाले थे। अगस्त, 2025 से वह गाजियाबाद में पत्नी के साथ किराए पर रह रहे थे। घटना की जानकारी पत्नी को दी गई है।

## अवैध खनन, अनधिकृत प्लॉटिंग व बाल श्रम के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन के निर्देश

### लक्ष्य से कम राजस्व प्राप्ति वाले विभागों से जवाब तलब

तमसा संकेत, संवाददाता

बराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व, प्रवर्तन एवं कर/करेत्तर से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में राजस्व कार्यक्रमों की प्रगति, प्रवर्तन कार्यवाहियों तथा भूमि अर्जन से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्टों की विस्तृत समीक्षा की। प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में अवैध खनन एवं अनुमति से अधिक खनन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही शहर एवं नगरीय क्षेत्रों के आसपास अवैध रूप से विकसित की जा रही प्लॉटिंग के विरुद्ध सतत प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय के



साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि जनपद में बाल श्रम रोकने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा की गई कार्यवाही से नियमित रूप से अवगत कराया जाए। राजस्व प्राप्ति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष कम प्राप्ति वाले विभागों को पत्र निर्गत कर उनसे जवाब मांगा जाए तथा राजस्व प्राप्ति में सुधार हेतु प्रयास किए जाएं।

## शुद्ध डेयरी उत्पाद और मिठाइयों की मिलेगी पूरी श्रृंखला

# खुरेजी खास में 'शाह जी डेयरी' का भव्य उद्घाटन

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। खुरेजी खास क्षेत्र में ताज़े और शुद्ध डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 मार्च, 2026 को 'शाह जी डेयरी' का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उपस्थित होकर नई डेयरी के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह का माहौल उत्साह और उमंग से भरा हुआ था। 'शाह जी डेयरी' का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को शुद्ध, ताज़ा और गुणवत्तापूर्ण डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराना है। डेयरी में दूध, दही, पनीर, घी और अन्य डेयरी उत्पादों की



विस्तृत श्रृंखला ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगी। संचालकों का कहना है कि आज के समय में शुद्ध और विश्वसनीय खाद्य पदार्थों की आवश्यकता बढ़ गई है, ऐसे में 'शाह जी डेयरी' लोगों को बेहतर गुणवत्ता के उत्पाद प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि क्षेत्र में इस प्रकार की आधुनिक और भरोसेमंद डेयरी का खुलना स्थानीय निवासियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा।

> उद्घाटन समारोह में मौजूद लोगों ने 'शाह जी डेयरी' की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल क्षेत्र के लोगों को शुद्ध डेयरी उत्पाद मिलेंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### स्वादिष्ट मिठाइयों के लिए भी जानी जाएगी डेयरी


डेयरी में डेयरी उत्पादों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की पारंपरिक मिठाइयाँ भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेंगी। यहां स्वादिष्ट खीर, काजू कतली, बर्फी, लड्डू, गुलाब जामुन सहित कई प्रकार की मिठाइयाँ तैयार की जाएंगी। प्रबंधन के अनुसार हर मिठाई को शुद्ध सामग्री और पारंपरिक तरीके से तैयार किया जाएगा, जिससे ग्राहकों को बेहतरीन स्वाद और गुणवत्ता मिल सके। उनका कहना है कि जो भी ग्राहक एक बार यहां की मिठाइयों का स्वाद चखेंगे, उनके लिए यह जगह पहली पसंद बन जाएगी। उद्घाटन समारोह में मौजूद लोगों ने 'शाह जी डेयरी' की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल क्षेत्र के लोगों को शुद्ध डेयरी उत्पाद मिलेंगे।

**विवाद : ईद की नमाज मैदान में कराने की मांग पर भड़के, कहा- सुबह 4 बजे से चिल्लाते हैं**

# मुसलमान क्या हमारी छाती पर चढ़ेंगे : सतीश गौतम

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। मकान इनको, राशन इनको, सिलेंडर इनको... सब कुछ तो सरकार इन्हें दे रही है। AIIMS से लेकर जिला अस्पताल तक चले जाओ, सारी सरकारी व्यवस्थाओं का फायदा सबसे ज्यादा मुसलमान ही ले रहा। इसके बाद अब क्या हमारी छाती पर चढ़ेंगे?" यह बात अलीगढ़ से भाजपा सांसद सतीश गौतम ने एक यूट्यूबर को दिए इंटरव्यू में कही। सांसद ने शहर के नुमाइश मैदान में ईद की नमाज की इजाजत मांगने और नमाजियों पर पुष्प वर्षा की मांग किए जाने पर भी नाराजगी जताई। लाउडस्पीकर पर अजान को लेकर सांसद ने कहा- सुबह 4 बजे से वहां (मस्जिद) से चिल्लाना शुरू कर देते हैं। बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं, ये 'हौ-हौ' मचा रहे हैं। इसे बंद करना चाहिए।



सतीश गौतम लगातार तीसरी बार अलीगढ़ से सांसद हैं। भाजपा सांसद ने कहा- इतनी बड़ी जगह इनके (मुसलमानों) पास है। समाजवादी पार्टी के समय इन्होंने बहुत अतिक्रमण किया है। अब इन्हें नुमाइश मैदान की क्या जरूरत? हमारी जो होली और दिवाली मनाई जाती है, वह घर-घर जाकर मनाई जाती है। इनके यहां लोग इकट्ठा होते हैं, हमारे यहां कोई इकट्ठा नहीं होता। गली में घूमते हुए, घर-घर जाकर, गले मिलते हुए...इस तरह हमारे यहां होली मनाई जाती है।

### एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष बोले- नुमाइश मैदान क्या दहेज में लेकर आए थे?



> 66 अब्बासी ने कहा- जब नुमाइश मैदान में होली मिलन, दशहरा, राजनीतिक रैलियां और बाजार लग सकते हैं। तो साल में एक बार ईद की नमाज से भी कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बिहार के गांधी मैदान और आगरा के ताजमहल का उदाहरण देते हुए प्रशासन से जनहित में निर्णय लेने की अपील की।

भाजपा सांसद सतीश गौतम के बयान पर AIMIM अलीगढ़ के जिलाध्यक्ष यामीन खान अब्बासी ने पलटवार किया। बोले- मैं सांसद से पूछना चाहता हूं कि नुमाइश ग्राउंड में केवल नुमाइश के लिए यह जमीन दी गई थी। सांसद सतीश गौतम की अम्मा अपने दहेज में लेकर नहीं आई थीं नुमाइश ग्राउंड को। यह हमारे पुरखों की दी हुई जमीन है। इस जमीन को नुमाइश के लिए दिया गया था। मंगल बाजार, जो रेलवे रोड पर लगता था, आज वह बाजार नुमाइश ग्राउंड पर क्यों लग रहा? जो होली मिलन कभी गांधी पार्क में हुआ करता था, आज नुमाइश ग्राउंड में क्यों होता है?



अलीगढ़ से AIMIM के जिलाध्यक्ष यामीन खान अब्बासी ने भाजपा सांसद पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारे पुरखों ने नुमाइश ग्राउंड के लिए जमीन दी थी।

### सड़कों पर नमाज नहीं, तो मिले वैकल्पिक स्थान

ज्ञापन में AIMIM ने कहा था कि अलीगढ़ अब स्मार्ट सिटी बन चुका है। शहर की आबादी तेजी से बढ़ी है। वार्डों की संख्या भी 40 से बढ़कर 90 हो गई है। सरकार के निर्देशों के अनुसार सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी।

# युवक तेंदुए से लड़ा, 10 मिनट तक मुक्का मारता रहा

### लखीमपुर में पैर रस्सी से बांधकर पकड़ा, खेत जाते समय किया था अटैक

- रस्सी से बांधने के बाद तेंदुआ कुछ देर तक खेत में शांत पड़ा रहा।
- रस्सी में बंधने के बाद तेंदुए ने खुद को छुड़ाने की कोशिश की। वहां खड़े लोगों के ऊपर झपटा।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में एक युवक तेंदुए से 10 मिनट तक लड़ा। वह खेत जा रहा था, तभी तेंदुए ने अटैक कर उसका हाथ दबोच लिया। दूसरे हाथ से उसने तेंदुए का मुंह जमीन पर लड़ाया और लगातार मुक्के मारने लगा। इस दौरान तेंदुआ छटपटाता रहा। जब उसने छटपटाना बंद कर दिया, तो गांव वालों की मदद से उसके पैर




रस्सी से बांध दिए। तेंदुआ खेत में ही बैठा रहा। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम तेंदुए को अपने साथ ले गई। युवक के हाथ में चोट लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला सोमवार सुबह का धौरहरा वन रेंज के देवी पुरवा गांव का है। देवी पुरवा गांव का रहने वाला अंकुल भार्गव (30) खेती करता है। सोमवार सुबह वह अपने खेत जा रहा था। तभी गेहूं के खेत में उसे कुछ हलचल सुनाई दी। वह गेहूं के खेत की तरफ बढ़ा, तो उसे तेंदुआ दिखाई दिया। वह कुछ समझ पाता, इससे पहले ही तेंदुए ने हमला कर दिया। अंकुल ने बताया हमला करके तेंदुए ने मेरे हाथ को पकड़ लिया। मैंने अपने बचाव के लिए उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बावजूद उसने मेरा हाथ नहीं छोड़ा। तब मैं उसके मुंह पर लगातार मुक्के मारने लगा। करीब 10 मिनट पर उसे मारा, तब उसने मेरा हाथ छोड़ा। मेरी आवाज सुनकर पड़ोस के दो-चार लोग वहां पहुंचे उन्होंने उसे बांध दिया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तेंदुए को पकड़कर अपने साथ ले गई। अंकुल को प्राथमिक इलाज के बाद जेला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। एक महीने में धौरहरा वन रेंज में यह तीसरा तेंदुआ है।

# एनएसयूआई ने किया था प्रदर्शन, 70 साल की महिला बोली- पहली बार इतनी परेशानी

# काशी में नाले से गैस बनाने की कोशिश, 6 पर केस दर्ज

हंगामा



तमसा संकेत, संवाददाता

कानपुर, मेरठ, गोंडा । यूपी में LPG सिलेंडर की किल्लत 7वें दिन भी जारी है। सोमवार सुबह से गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी रहीं। बुकिंग के बाद भी लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहे। कई जगह लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी गैस नहीं मिल रही।

काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय के गेट नंबर-1 पर NSUI कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस ने 6 लोगों पर FIR दर्ज की है। कानपुर में एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगीं। कल्याणपुर में लोग घंटों लाइन में लगे रहे। बाद में उन्हें बताया गया कि आज गैस वाली गाड़ी नहीं आएगी। इसके बाद लोगों ने हंगामा कर दिया। प्रयागराज में गैस एजेंसी के बाहर खड़ी महिलाएं सरकार पर भड़क गईं। 70 साल की बुजुर्ग महिला ने कहा- इस उम्र में लाइन लगानी पड़ रही। इस सरकार ने परेशान कर दिया है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। गोंडा में गैस एजेंसियों के बाहर नोटिस चिपका दिए गए कि आज सिलेंडर नहीं बांटे जाएंगे, क्योंकि गैस की सप्लाई नहीं आई है।



### बाराबंकी में मिड-डे मील का सिलेंडर चुराकर खेत में छिपाया

बाराबंकी में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच युवक ने दरियाबाद के एक सरकारी स्कूल से मिड-डे मील का सिलेंडर चोरी कर लिया। चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर सिलेंडर चुराया। उसे सरसों के खेत में छिपा दिया। एक ग्रामीण ने उसे देखा तो मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने युवक को पकड़ने के बाद उसे साथ ले जाकर खेत से सिलेंडर बरामद किया।

### महिला बोली- घर में बहन बीमार है, उसे छोड़कर लाइन लगानी पड़ रही

प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल के पास LPG गैस लेने वालों की लंबी कतार देखने को मिली। सैकड़ों लोग सिलेंडर के इंतजार में घंटों लाइन में खड़े रहे। कई लोगों का कहना है कि वे तीन-तीन दिन से गैस के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

### मुगलसराय में गैस एजेंसी पर भीड़, सिलेंडर के लिए लग रही लंबी लाइन

मुगलसराय की नई बस्ती स्थित आनंद गैस एजेंसी पर सोमवार को उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने सिलेंडर वितरण में देरी की शिकायत की। पढ़ाव निवासी रुस्तम अहमद ने बताया कि वे करीब तीन घंटे से सिलेंडर के लिए इंतजार कर रहे हैं। बुकिंग के बाद तुरंत सिलेंडर मिलना चाहिए। उपभोक्ताओं ने सरकार से गुजारिश की कि उन्हें जल्द सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। इस पर एजेंसी के मालिक ने बताया कि सुबह से ही सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है। गोदाम दूर होने के कारण छोटी गाड़ियों से सिलेंडर लाकर बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के सभी आदेशों का पालन किया जा रहा है और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

# प्रयागराज में चलती थार गाड़ी में लगी आग

## कूदकर बाहर निकले सवार, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू





तमसा संकेत, एजेंसी

हंडिया । प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र के सैदाबाद चौकी अंतर्गत भेस्की गांव के पास सोमवार को एक चलती थार गाड़ी में अचानक आग लग गई। गाड़ी प्रयागराज की ओर जा रही थी। आग लगने के बाद वाहन में सवार सभी लोग तुरंत बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

थार गाड़ी में वाराणसी के कपसेठी थाना क्षेत्र के नेवादा निवासी अभिषेक सिंह अपने साथियों के साथ सवार थे। वे प्रयागराज के झलवा क्षेत्र में एक रिश्तेदारी में जा रहे थे। भेस्की गांव के पास पहुंचने पर गाड़ी से अचानक धुआं निकलने लगा, जिसके बाद वाहन में आग लग गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर सैदाबाद चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित किया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

फास्ट न्यूज

### युवक ने मलाशय में एक लीटर की बोतल डाली

आगरा । आगरा में युवक ने खुद के मलाशय में एक लीटर की बोतल डाल ली। बोतल अंदर फंसने के बाद युवक ने करीब 36 घंटे से खाना पीना छोड़ दिया। कमरे में एक जगह लेटा रहा और दर्द से तड़पता रहा। परिवार के लोगों ने रोते हुए बेटे को देखा तो नजदीक के प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। यहां डॉक्टरों ने युवक का एक्स-रे कराया तो मल द्वार के पास एक बोतल फंसी दिखाई दी।

### कानपुर में पुलिस बंट-वा रही सिलेंडर

कानपुर । कानपुर शहर में रसोई गैस का संकट घरों की चूल्हा जलने से रोक रहा है। बीते कई दिनों से आमजन के दिन की शुरुआत गैस की लाइन से हो रही है। सोमवार को भी कई गैस एजेंसी के बाहर धूप में लंबी लाइन लगी रही।

कहीं गैस बंट तो रही थी लेकिन लाइन में लगे लोगों ने बताया कि भरा हुआ गैस सिलेंडर मिल जाए तब तसल्ली होगी। लाइन में तो कइयों दिन से लग रहे हैं। लेकिन सिलेंडर नहीं रहा है। तो किसी गैस एजेंसी में ऑफिस का शटर तक नहीं उठा। दबौली के रहने वाले-निरंकार सिंह ने बताया, फोन पर गैस डिलेवरी का मैसेज आ गया, लेकिन सिलेंडर घर नहीं आया है।

### स्कॉर्पियो 80 की स्पीड में एआरटीओ के घर में घुसी

कानपुर । कानपुर के रावतपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार एआरटीओ के घर में घुस गई। कार ने पहले गार्ड रूम को तोड़ा और फिर मेन गेट तोड़ते हुए अंदर पहुंच गई। गनीमत रही कि उस समय ड्यूटी पर मौजूद चौकीदार पानी पीने अंदर गया हुआ था, जिससे वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस कार चालक को गाड़ी सहित थाने ले आई।

# शूटर दादी प्रकाशी तोमर की नाक की नस फटी



तमसा संकेत, एजेंसी

बागपत । बागपत की मशहूर निशानेबाज शूटर दादी प्रकाशी तोमर की नाक की नस फट गई। घर का काम करते समय वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। घरवाले तुरंत उन्हें बड़ौत के हॉस्पिटल में ले गए। वहां से उन्हें नोएडा के कैलाश हॉस्पिटल भेज दिया गया।

इस समय प्रकाशी तोमर के बेटे रामबीर और बेटी सीमा उनके साथ हैं। अंतर्राष्ट्रीय ट्रैप शूटर बेटी सीमा तोमर ने फोन पर बताया कि शनिवार की रात (14 मार्च) नाक की नस फटने से मां को भर्ती कराया गया है। बता दें, प्रकाशी तोमर के संघर्षों और उपलब्धियों पर बॉलीवुड फिल्म 'सांड की आंख' बनी है।

शूटर दादी के बेटे रामबीर सिंह ने बताया- शनिवार रात करीब 2 बजे अचानक मां की नाक से खून बहने लगा। काफी देर तक खून नहीं रुका और वह बोहोश होकर जमीन पर गिर गईं। हम लोग रात में ही उन्हें

**खून ज्यादा बहने से बेहोश होकर गिरीं, नोएडा के हॉस्पिटल में चल रहा इलाज**

बड़ौत के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। आराम मिलने पर हम लोग उन्हें घर लेकर आ गए। रविवार सुबह फिर मां की नाक से खून बहना शुरू हो गया। इस पर हम लोग फिर उन्हें बड़ौत के अस्पताल में लेकर पहुंचे। लेकिन, इस बार खून रुक नहीं रहा था। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली ले जाने की सलाह दी। अभी नोएडा के हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है।

# सहारनपुर में पूर्व प्रधान समेत 2 की मौत ■ यूपी के 43 जिलों में बारिश का अलर्ट

# मुजफ्फरनगर में ओले गिरे बिजनौर में आंधी से पेड़ उखड़े

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/आगरा । यूपी में मौसम अचानक बदल गया है। मुजफ्फरनगर में देर रात झमाझम बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे। बिजनौर में तेज आंधी की वजह से पेड़ उखड़ गए। सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे और होर्डिंग्स गिर गए। सहारनपुर में आंधी की वजह से टीन शेड गिरने से पूर्व प्रधान समेत 2 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने सोमवार को वाराणसी समेत 43 जिलों में हल्की बारिश और 17 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। कई जगह आंधी भी चल सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से




मौसम में बदलाव आया है। ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट आई है।

इससे पहले, कल यानी रविवार को नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत 15 शहरों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। लखनऊ में बूंदाबांदी के साथ धूलभरी आंधी चली। हरदोई और सीतापुर में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों समेत 3 लोग झुलस गए।

बारिश, ओले और तेज हवा का असर फसलों पर भी दिखाई दे रहा है। कई इलाकों में खड़ी फसलें झुक गईं।

### बारिश से फसलों को हुआ नुकसान

कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, खेतों में ज्यादा नमी रहने से फसलों में रोग लगने का खतरा बढ़ सकता है। हालांकि हल्की बारिश से कुछ दलहनी और सब्जी वाली फसलों को फायदा भी मिल सकता है।



■ बिजनौर में देर रात तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। आंधी में सड़क किनारे लगे पेड़ और होर्डिंग उखड़ गए। कई इलाकों में बिजली कट गई।

### सहारनपुर में पूर्व प्रधान समेत 2 की मौत

सहारनपुर में रविवार देर रात तेज आंधी और बारिश हुई। सरसावा थाना क्षेत्र के नकुड़ रोड पर टीन शेड गिर गया। इस हादसे में पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भटपुरा के पूर्व प्रधान जयपाल सैनी (55) और नवादा निवासी रामकेश सैनी (56) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों उत्तराखंड में एक पंचायत कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। इससे बचने के लिए दोनों नकुड़ रोड पर एक टीन शेड के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज हवा के कारण टीन शेड अचानक टूटकर सीधे उनके ऊपर गिर गया। भारी शेड के नीचे दबने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**बेमौसम बारिश, ओले गिरने और तेज हवाओं से खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल पकने की स्थिति में है। ऐसे में बारिश और तेज हवा से बालियां झुक जाती हैं। इससे कटाई में दिक्कत होती है। दाने खराब होने का खतरा भी बढ़ जाता है।**

# स्टंटबाजी में 12वीं के छात्र की मौत


## लखनऊ में बुलेट-स्कूटी की भीषण टक्कर, छात्र उछलकर डिवाइडर पर गिरा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में बाइक रेसिंग में 12वीं के छात्र की जान चली गई। जनेश्वर मिश्र पार्क के पास बुलेट और कावासाकी बाइक सवार रेस लगा रहे थे। तभी सामने स्कूटी आ गई। स्कूटी से टकराने के बाद बुलेट डिवाइडर से जा भिड़ी।

बुलेट सवार 12वीं का छात्र उछलकर डिवाइडर से टकराकर। उसका सिर फट गया। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। कावासाकी सवार लड़के ने लोगों की मदद से बुलेट सवार दोस्त को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

छात्र के दोस्तों ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर लिखा- एक पल में सब खत्म हो गया। मृतक की पहचान गोमती नगर विस्तार के विशेष खंड के रहने वाले नैतिक कुमार (17) के रूप में हुई।



नैतिक, मृतक

नैतिक के पिता राम इकबाल बिजली विभाग में इंजीनियर हैं। घटना रविवार सुबह की जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर-5 के सामने की है।

विशेष खंड का रहने वाला नैतिक अपने दोस्त आदित्य श्रीवास्तव और कृष्ण सिंह के साथ अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर सुबह घूमने के लिए निकला था। जनेश्वर मिश्र पार्क के पास सुबह करीब साढ़े सात बजे तीनों अपनी-अपनी बाइक से रेस लगा रहे थे। इस दौरान बुलेट पर सवार नैतिक के सामने स्कूटी आ गई। वह कुछ समझ पाता, इससे पहले बुलेट और स्कूटी के बीच भयानक टक्कर हो गई। हादसे के बाद नैतिक बाइक से उछलकर डिवाइडर पर गिरा।

> “गोमतीनगर विस्तार इलाके में अक्सर स्टंटबाजी और रीलबाजी के वीडियो वायरल होते हैं। पुलिस का दावा है कि लगातार चेकिंग अभियान चलाकर घटनाओं को रोकने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इस घटना ने पुलिस के सभी दावों की पोल खोल दी है।

### परिजनों ने पोस्टमॉर्टम से किया इनकार

पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। हालांकि परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है। शव लेकर अपने पैतृक गांव बाराबंकी चले गए। गोमती नगर विस्तार थाना प्रभारी सुधीर अवस्थी के अनुसार घटना की असली वजह का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### एएसपी का बेटा भी गवां चुका है जान

21 नवंबर 2023 को तड़के ASP श्वेता श्रीवास्तव का 9 साल का इकलौता बेटा नामिश घर से स्केटिंग करने के लिए निकला था। साथ में श्वेता श्रीवास्तव और ट्रेनर भी मौजूद थे। G-20 रोड पर कोच के साथ स्केटिंग प्रैक्टिस करने के दौरान तेज रफ्तार कार ने नामिश को टक्कर मार दी थी।

इस टक्कर से नामिश हवा में करीब 15 फीट तक उछल गया। उसके सिर-पेट में गंभीर चोट आईं। मुंह-नाक से ब्लीडिंग होने लगी थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी।

# पूर्वांचल के 5 जिलों में भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी खाली

## बड़े नेताओं की खींचतान बनी वजह

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूपी में भाजपा के संगठनात्मक चुनाव अब-तक पूरे नहीं हुए हैं, जबकि चुनाव प्रक्रिया एक साल से चल रही है। पूर्वांचल के 5 जिलों देवरिया, अंबेडकरनगर, चंदौली, गोरखपुर और वाराणसी में अध्यक्षों की नियुक्ति बाकी है।

पार्टी सूत्र इसकी वजह बड़े नेताओं की आपसी खींचतान बताते हैं। देवरिया में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी की आपसी खींचतान के कारण जिलाध्यक्ष की नियुक्ति अटकी है।

वहीं, चंदौली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय खेमे की रस्साकशी चल रही है। इसके अलावा पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के 3 महीने बाद भी नई प्रदेश कार्यकारिणी घोषित नहीं हुई है। ऐसे में पार्टी के



काम-काज पर असर पड़ रहा है। लेकिन आखिर खींचतान की वजह क्या है कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद 5 जिलाध्यक्षों और नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा नहीं हो पाए है? भाजपा ने यूपी को 98 संगठनात्मक जिलों में बांट रखा है। पार्टी ने 16 मार्च, 2025 को 70 जिलाध्यक्षों की पहली सूची जारी की थी। इसमें शामिल गोरखपुर के जिलाध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव का जून, 2025 में निधन हो गया। वहीं, गोंडा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप का पार्टी कार्यालय में एक महिला कार्यकर्ता के साथ वीडियो वायरल होने पर उन्हें हटा दिया गया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'पहले जो टैंकर जब्त ...

भारत के लिए होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का गुजरना बेहद अहम है, क्योंकि देश का करीब 90% LPG आयात खाड़ी क्षेत्र से होता है। फारस की खाड़ी में अभी 22 भारतीय जहाज और 611 भारतीय नाविक मौजूद हैं, जिनकी सुरक्षा और आवाजाही पर नजर रखी जा रही है।

इस बीच सोमवार शाम 5 बजे LPG कैरियर जहाज शिवालिक होर्मुज स्ट्रेट से निकलकर भारत पहुंच गया है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक और 90 सेकंड का वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने रविवार को भी कॉफी पीते हुए एक वीडियो जारी किया था और अपनी मौत से जुड़ी अफवाहों का मजाक बनाया था।

नए वीडियो में नेतन्याहू यरुशलम की पहाड़ियों में बने एक व्यू प्वाइंट पर लोगों से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि यह वीडियो भी कल ही रिकॉर्ड किया गया है, क्योंकि नेतन्याहू उसी कॉफी शॉप के पास दिखाई दे रहे हैं जहां पहला वीडियो शूट हुआ था और उन्होंने वही कपड़े पहने हुए हैं।

वीडियो में वह लोगों से कहते हैं कि घर से बाहर निकलकर थोड़ी ताजी हवा लेना जरूरी है। वह आसपास मौजूद लोगों से यह भी पूछते हैं कि सबसे नजदीकी सुरक्षित शेल्टर कहां है।

### इजराइल बोला...

इजराइली सेना का कहना है कि ईरान के अंदर अब भी हजारों ऐसे ठिकाने हैं जिन्हें निशाना बनाया जा सकता है। हालांकि पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि ईरान में अब "लगभग कुछ भी निशाना बनाने के लिए नहीं बचा है।"

### ट्रम्प बोले- ईरान ...

ग्रीस के सरकारी प्रवक्ता पावलोस मारिनाकिस ने भी कहा कि उनका देश होर्मुज स्ट्रेट में किसी सैन्य कार्रवाई में शामिल नहीं होगा।

वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उनका देश मिडिल ईस्ट के व्यापक युद्ध में शामिल नहीं होगा और उसकी प्राथमिकता क्षेत्र में मौजूद अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### भारत बोला- होर्मुज ...

उन्होंने कहा कि भारत हालात पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर आगे फैसला किया जाएगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन जैसे देशों से अपील की थी कि वे होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षा के लिए अपने युद्धपोत भेजें। इसी बीच भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट से भारतीय जहाजों के सुरक्षित गुजरने को लेकर ईरान के साथ बातचीत जारी है और इसके अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। शनिवार को भारतीय झंडे वाले दो LPG जहाज शिवालिक और नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन LPG लेकर होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुए थे।

### प्रधानमंत्री आवास ...

इस प्रकार जिले के लाभार्थियों को कुल 1.77 करोड़ रुपये की सहायता राशि सीधे खाते में मिली।

जिला पंचायत सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

योजना के तहत जिले के 177 लाभार्थियों को पहली किस्त के रूप में प्रति लाभार्थी एक लाख रुपये की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। इनमें नगर निकाय दिलदारनगर के 25 और सैदपुर के 152 लाभार्थी शामिल हैं।

### बिहार में एनडीए ने...

हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दो कांग्रेसी विधायकों के वोटों पर आपत्ति के बाद काउंटिंग रोक दी गई। बीजेपी के गौरव गौतम और किशन बेदी ने इन दोनों वोटों पर आपत्ति जताई।

बिहार और ओडिशा में मतदान के दौरान कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। बिहार में NDA के सभी 202 विधायकों ने, जबकि महागठबंधन की तरफ से 37 विधायकों ने वोट डाले। कांग्रेस के तीन और आरजेडी के एक विधायक नदारद रहे।

वहीं, हरियाणा में 90 विधायक में से 88 विधायकों ने वोट डाला। इंडियन नेशनल लोकदल (INLD) के दोनों विधायक अर्जुन चौटाला और आदित्य देवीलाल वोटिंग से दूर रहे।

### बंगाल में ममता की ...

अभी यहां से TMC के पन्नालाल हलदर विधायक हैं। भाजपा ने बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से टिकट दिया है।

भाजपा ने बंगाल से पहले केरल में भी उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। 140 में से 47 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने राज्य के भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर को नेमोम सीट से मैदान में उतारा है। चंद्रशेखर 2024 लोकसभा चुनाव में तिरुवनंतपुरम सीट से कांग्रेस सांसद शशि थरूर से हार गए थे।

पश्चिम बंगाल- 3 बार से ममता बनर्जी ही मुख्यमंत्रीः 14 साल से CM ममता के सामने BJP मुख्य चुनौती है। 2026 के चुनाव में टीएमसी जीती तो ममता बनर्जी लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगी। वे ऐसा करने वाली देश पहली महिला होंगी। जयललिता के नाम 5 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड है। हालांकि, वह 1991 से 2016 तक अलग-अलग कार्यकाल (लगातार नहीं) में मुख्यमंत्री पद पर रहीं।

### हाईकोर्ट का फैसला ...

कहा था- प्रशासन मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित नहीं कर सकता। अगर डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके विश्नोई को लगता है कि वे कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए या फिर ट्रांसफर करवा लेना चाहिए।

कोर्ट ने कहा था-यह राज्य का कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करे कि हर समुदाय निर्धारित पूजा स्थल पर शांतिपूर्वक पूजा कर सके। अगर वह निजी संपत्ति है, तो राज्य से किसी इजाजत की जरूरत नहीं। कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि राज्य का दखल सिर्फ वहीं जरूरी है, जहां प्रार्थना या धार्मिक काम सार्वजनिक भूमि पर आयोजित किए जाने हों।

### बरेली के डीएम...

यह आदेश भी जस्टिस अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने दिया था। कोर्ट ने मामले में पिछली सुनवाई पर बरेली के डीएम और एसएसपी को एक पुराने आदेश की अवहेलना करने के आरोप में अवमानना नोटिस जारी किया था।

बरेली निवासी तारिक खान ने याचिका दाखिल कर आरोप लगाया था कि गत 16 जनवरी को स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें उनके घर के अंदर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी थी। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के उस पूर्व आदेश का उल्लंघन है, जिसमें साफ किया गया था कि निजी परिसर में प्रार्थना के लिए प्रशासन की अनुमति जरूरी नहीं है।

### 'भाजपा के इशारे...

लेकिन जिन राज्यों में भाजपा की सरकार होती है, वहां ऐसे अधिकारियों को नहीं हटाया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के दौरान चुनाव के समय कभी डीजीपी और अन्य अधिकारियों को नहीं हटाया गया, यहां तक कि जिन अधिकारियों के परिवार के लोग चुनाव लड़ रहे थे, उन्हें भी पद से नहीं हटाया गया।

### राज्यसभा में एलपीजी ...

तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। पार्टी ने चुनाव आयोग के बंगाल के अधिकारियों को हटाने के फैसले का विरोध किया।

लोकसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कुछ विपक्षी सांसदों ने अपने मुद्दे तुरंत उठाने की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि उन्हें दोपहर 12 बजे प्रश्नकाल खत्म होने के बाद बोलने का मौका दिया जाएगा।

### कोच जयवर्धने बोले- डे-1 ही सीजन की टोन सेट करता है, 29 मार्च को केकेआर से पहला मैच

# मुंबई इंडियंस का आईपीएल 2026 के लिए कैंप शुरू

**ट्रेनिंग**

नई दिल्ली, एजेंसी

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (MI) ने सोमवार से IPL 2026 के लिए अपनी ट्रेनिंग शुरू कर दी है। मुंबई में आयोजित इस प्री-सीजन कैंप के पहले दिन खिलाड़ियों ने फिटनेस और कंडीशनिंग पर फोकस किया। हेड कोच महेला जयवर्धने की देखरेख में खिलाड़ियों ने मैदान पर पसीना बहाया। इस कैंप में गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा और पारस म्हाम्ब्रे भी मौजूद रहे। पहले ट्रेनिंग सेशन में शार्दुल ठाकुर, मयंक मार्कंडे,



अल्लाह गजनफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रोबिन मिन्ज, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मलेवार, मोहम्मद इजहार और अश्विनी कुमार शामिल हुए। सेशन की शुरुआत फिटनेस और कंडीशनिंग ड्रिल से हुई। खिलाड़ियों ने मूवमेंट ड्रिल, एजिलिटी एक्सरसाइज और फिटनेस टेस्ट में हिस्सा लिया। पहले दिन के ट्रेनिंग सेशन की शुरुआत फिटनेस और कंडीशनिंग ड्रिल के साथ हुई। खिलाड़ियों ने मूवमेंट ड्रिल, एजिलिटी एक्सरसाइज और फिटनेस टेस्ट में हिस्सा लिया। कोचिंग स्टाफ ने खिलाड़ियों की फिटनेस पर खास नजर रखी, ताकि लंबे और चुनौतीपूर्ण आईपीएल सीजन के लिए टीम पूरी तरह तैयार रह सके।इस दौरान खिलाड़ियों ने वार्म-अप रनिंग, स्ट्रेचिंग और तेज मूवमेंट से जुड़े अभ्यास किए।

### नीलामी के बाद बदली हुई दिख रही है टीम

आईपीएल 2026 के लिए मुंबई इंडियंस ने अपनी टीम में अनुभव और युवाओं का अच्छा तालमेल बिठाया है। टीम में ट्रेंट बोल्ट की वापसी हुई है, वहीं क्विंटन डी कॉक, मिशेल सेंटनर और विल जैक्स जैसे विदेशी खिलाड़ी टीम को मजबूती दे रहे हैं। दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर के आने से टीम की भारतीय तेज गेंदबाजी यूनिट काफी संतुलित नजर आ रही है।

### मलिंगा और म्हाम्ब्रे संभाल रहे हैं गेंदबाजी की कमान



मुंबई इंडियंस ने इस बार अपने सपोर्ट स्टाफ को काफी मजबूत किया है। मैदान पर जयवर्धने के साथ गेंदबाजी कोच के रूप में अनुभवी लसिथ मलिंगा और भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे खिलाड़ियों को टिप्स देते नजर आए। वहीं फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिंसन ने फील्डिंग ड्रिल्स को लीड किया। अगले कुछ दिनों में कप्तान हार्दिक पंड्या, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों के भी कैंप से जुड़ने की उम्मीद है।




### कोच जयवर्धने बोले- पहले दिन की एनर्जी स्पेशल होती है

ट्रेनिंग सेशन में बॉलिंग कोच पारस म्हांब्रे और लसिथ मलिंगा, फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिंसन के साथ स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग और फिजियो टीम भी मौजूद रही। हेड कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि प्री-सीजन का पहला दिन हमेशा खास होता है। खिलाड़ी मैदान पर आते हैं तो टीम में नई ऊर्जा दिखती है और यहीं से पूरे अभियान की दिशा तय होती है। उन्होंने कहा कि टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो फ्रेंचाइजी को अच्छी तरह जानते हैं, वहीं कुछ नए चेहरे भी शामिल हुए हैं। जयवर्धने के मुताबिक पहला दिन पूरे सीजन की तैयारी का टोन सेट करता है। टीम ने पहले सेशन से ही ट्रेनिंग और तैयारी में पूरा फोकस दिखाने का लक्ष्य रखा है।

# अर्जेंटीना-स्पेन के बीच होने वाला फाइनालिसीमा मैच रद्द

### मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण कतर में 27 मार्च को नहीं होगा मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी



अर्जेंटीना और स्पेन के बीच होने वाला फाइनलिसिमा मुकाबला रद्द कर दिया गया है। यूरोपीय फुटबॉल संघ (UEFA) ने कहा कि मिडिल ईस्ट में बढ़ते युद्ध और सुरक्षा हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया। यह मैच 27 मार्च को कतर की राजधानी दोहा में खेला जाना था। इसमें साउथ अमेरिका की चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोप की चैंपियन स्पेन आमने-सामने होने वाली थीं। मुकाबले को लियोनेल मेस्सी और लामिन यामल की टीमों के बीच बड़ा मैच माना जा रहा था। मिडिल ईस्ट में ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच जारी संघर्ष और अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों के कारण क्षेत्र में स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। पिछले तीन हफ्तों से जारी इस तनाव के बीच कतर में मैच कराना जोखिम भरा माना गया। UEFA ने कहा कि कतर के आयोजकों के साथ चर्चा के बाद मौजूदा राजनीतिक स्थिति को देखते हुए 27 मार्च को कतर में मैच कराना संभव नहीं है। यह मुकाबला लुसैल स्टेडियम में होना था। इसी मैदान पर 2022 वर्ल्ड कप का फाइनल खेला गया था, जिसमें अर्जेंटीना ने फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताब जीता था। उस मैच में मेस्सी ने दो गोल किए थे, जबकि किलियन एम्बाप्पे ने हैट्रिक लगाई थी।

# पाकिस्तान ने अंपायर के फैसले पर उठाए सवाल

### मीरपुर ओआईडी में बांग्लादेश के रीव्यू को बताया गलत, मैच रेफरी से शिकायत की

नई दिल्ली, एजेंसी

मीरपुर में खेले गए तीसरे वनडे में अंपायर के एक फैसले को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने मैच रेफरी नियामुर राशिद से शिकायत की है। पाकिस्तान का कहना है कि ऑन-फील्ड अंपायर कुमार धर्मसेना ने बांग्लादेश को गलत तरीके से LBW रीव्यू लेने की अनुमति दी। पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट का आरोप है कि बांग्लादेश ने रीव्यू उस समय लिया जब गेंद का रिप्ले पहले ही स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जा चुका था। घटना मैच की आखिरी दो गेंदों से जुड़ी है। उस समय पाकिस्तान को जीत के लिए दो गेंदों में 12 रन चाहिए थे। रिशाद हुसैन की गेंद शाहीन अफरीदी के पास से लेग साइड की तरफ निकल



गई, जिस पर अंपायर ने वाइड दे दिया। इसके बाद बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने आपस में चर्चा की और LBW के लिए रीव्यू लिया। पाकिस्तान ने रिव्यू लेने में नियमों का पालन नहीं किए जाने का मुद्दा उठाया है। पाकिस्तान का कहना है कि जब स्क्रीन पर गेंद के बल्ले के पास से गुजरने का वीडियो दिखाया गया, तभी बांग्लादेशी कप्तान ने अंपायर से रिव्यू लेने की अपील की। जबकि नियमों के अनुसार, DRS का फैसला खिलाड़ी को बिना किसी बाहरी मदद या टीवी फुटेज देखे स्वयं लेना होता है। पाकिस्तान का यह भी कहना है कि रिव्यू लेने के लिए तय 15 सेकंड की समय सीमा का पालन नहीं किया गया। हालांकि, टीवी प्रसारण में कोई टाइमर दिखाई नहीं दिया, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि 15 सेकंड की समय सीमा समाप्त हुई थी या नहीं। DRS में हॉक-आई पर साफ हुआ कि गेंद बैट के निचले हिस्से को छूकर निकली थी। इसलिए वाइड का फैसला बदल दिया गया। हालांकि बांग्लादेश का रिव्यू खारिज हो गया, लेकिन वाइड हटने के बाद समीकरण बदल गया और पाकिस्तान को आखिरी गेंद पर 12 रन चाहिए थे। आखिरी गेंद पर शाहीन अफरीदी स्टंप आउट हो गए।

### विमेंस सिंगल्स में सबालेंका जीतीं, फाइनल में रायबाकिना को मात दी

# सिनर पहली बार इंडियन वेल्स चैंपियन, मेदवेदेव को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के कैलिफोर्निया में खेले गए इंडियन वेल्स ओपन में इटली के जैनिक सिनर और बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने खिताब जीता। मेन्स सिंगल्स के फाइनल में सिनर ने रूस के डैनियल मेदवेदेव को हराकर अपना पहला इंडियन वेल्स टाइटल जीता। वहीं, विमेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने एलिना रायबाकिना के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। सिनर ने इस जीत के साथ हार्ड कोर्ट पर होने वाले सभी बड़े खिताब अपने नाम कर लिए हैं। इनमें छह ATP मास्टर्स 1000, निट्टो ATP फाइनल्स,




ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन शामिल हैं। इससे पहले यह उपलब्धि सिर्फ रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच के नाम थी। सिनर ने 2023 में टोरंटो में अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था और अगले तीन सालों के भीतर ही उन्होंने हार्ड कोर्ट के सभी बड़े एलीट खिताब अपने नाम कर लिए।

### सिनर ने मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराया: पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं हारा

जैनिक सिनर ने फाइनल में पहला सेट टाइब्रेक में 7-6 (8-6) से जीता। इसके बाद दूसरे सेट में भी कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन सिनर ने इसे 7-6 (7-4) से अपने नाम कर लिया। खास बात यह रही कि सिनर ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए पहली बार इंडियन वेल्स मास्टर्स वेल्स की ट्रॉफी अपने नाम की।



सिनर ने 2023 में टोरंटो में अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था।

### विमेंस फाइनल: सबालेंका ने चैंपियनशिप पॉइंट बचाया और मैच जीता

*विमेंस सिंगल्स का फाइनल में आर्यना सबालेंका ने एलिना रायबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 (8-6) से हराया। सबालेंका पहला सेट हार गई थीं, लेकिन उन्होंने जबरदस्त वापसी की। साल 2023 के इंडियन वेल्स फाइनल में एलिना रायबाकिना ने ही सबालेंका को हराकर खिताब जीता था। इस बार सबालेंका ने उस हार का बदला ले लिया। यह सबालेंका का पहला इंडियन वेल्स खिताब है। इससे पहले वह दो बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में हार चुकी थीं।*

## मनोरंजन



# गोविंदा अब भी बेस्ट एक्टर : डेविड धवन

### कहा- टैलेंट के मामले में उनका कोई मुकाबला नहीं, सेट पर लेट आने का बचाव किया

नई दिल्ली, एजेंसी

डायरेक्टर डेविड धवन ने कहा है कि उनके साथ काम करने वाले एक्टर्स में गोविंदा अब भी बेस्ट एक्टर हैं। डेविड अपने बेटे वरुण के साथ द ग्रेट इंडियन कपिल शो के ग्रैंड फिनाले में मेहमान बनकर पहुंचे हमान बनकर पहुंचे थे। शो के दौरान डेविड ने अपने पुराने दोस्त गोविंदा की जमकर तारीफ की। उन्होंने गोविंदा के सेट पर लेट आने की खबरों पर उनका बचाव किया और और बताया कि काम के टैलेंट के मामले में उनका कोई मुकाबला नहीं है। डेविड धवन ने गोविंदा के सेट पर लेट आने के पुराने विवादों पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, लोग बोलते हैं ना कि वो सेट पर देर से आता है, आज कौन लेट नहीं आता? वो आता है और अपना



काम पूरी तरह खत्म करके जाता है। डेविड ने आगे कहा कि उन्होंने बॉलीवुड के कई बड़े स्टार्स के साथ काम किया है, लेकिन उन सबमें गोविंदा उन्हें आज भी बेस्ट लगते हैं। वे मुझसे कहते हैं कि अगर गोविंदा यहां होते, तो वे इसे कैसे करते? वे अक्सर मेरी तुलना सलमान खान, गोविंदा और अनिल कपूर से करते हैं। डेविड और गोविंदा ने साथ में 'कुली नंबर 1', 'साजन चले ससुराल' और 'हीरो नंबर 1' जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं।



वरुण ने मजाकिया अंदाज में यह भी बताया कि अगर सेट पर कोई एक्टर खराब काम करे, तो डेविड माइक पर ही उसे 'टंडा एक्टर' बोल देते हैं।

### पार्टनर फिल्म का सुनाया दिलचस्प किस्सा

डेविड ने फिल्म 'पार्टनर' की शूटिंग का एक वाकया साझा किया। उन्होंने बताया कि गोविंदा ने चार पन्नों का लंबा सीन सिर्फ एक बार पढ़ा और उसे एक ही टेक में पूरा कर दिया। डेविड ने कहा, आप यकीन नहीं करेंगे, वह चार पन्नों का सीन था। मैंने शॉट सेट करना शुरू किया तो उसने कहा कि अभी सेट मत करो, बस मुझे परफॉर्म करते देखो। उस सीन में उसने ऐसी कलाबाजियां दिखाईं कि मैं दंग रह गया। गोविंदा वाकई कमाल का है।

### वरुण बोले- पापा आज भी ची ची भैया को याद करते हैं

एपिसोड के दौरान वरुण धवन ने बताया कि उनके पिता आज भी गोविंदा के काम के बहुत बड़े फैन हैं। वरुण ने कहा, आज भी जब कोई नया सीन लिखा जाता है, तो पापा को ची ची भैया (गोविंदा) की याद आती है।

# यूट्यूबर अनुराग डोभाल की हालत फिर बिगड़ी

### देहरादून ले जाते समय सांस लेने में हुई तकलीफ

मुबंई, एजेंसी

पॉपुलर यूट्यूबर अनुराग डोभाल की सेहत एक बार फिर गंभीर हो गई है। अनुराग ने इंस्टाग्राम लाइव में सुसाइड करने की कोशिश की थी। इस दौरान अनुराग रोड एक्सीडेंट का शिकार हो गए थे। उन्हे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 13 मार्च को हालत में सुधार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी, लेकिन देहरादून शिफ्ट करने के दौरान रास्ते में ही उनकी तबीयत दोबारा बिगड़ गई। उन्हें फिर से पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया



है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। अनुराग के मैनेजर रोहित पांडे ने इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अनुराग एम्बुलेंस में हैं और उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। मैनेजर ने बताया कि डॉक्टरों ने हालत स्थिर देखते हुए डिस्चार्ज किया था, लेकिन घर ले जाते समय अचानक उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। मैनेजर रोहित पांडे ने सोशल मीडिया पर अपडेट देते हुए लिखा, 'कल अनुराग भाई की हालत स्थिर थी, इसलिए हम उन्हें देहरादून लेकर जा रहे थे। लेकिन दुर्भाग्य से रास्ते में ही उनकी कंडीशन खराब हो गई। वह अभी अपनी जिंदगी के लिए लड़ रहे हैं। उन्हें तुरंत इलाज की जरूरत थी, इसलिए हमने उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया है।'

# इमेज के लिए नहीं करता देशभक्ति फिल्में : अक्षय

### फिल्में फ्लॉप होने पर कनाडा जाने का फैसला लिया

मुबंई, एजेंसी

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने अपनी कनाडाई नागरिकता पर खुलकर बात की है। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में अक्षय ने बताया कि उन्होंने कनाडा शिफ्ट होने का फैसला तब लिया था, जब उनकी बैक-टू-बैक 16-17 फिल्में फ्लॉप हो गई थीं। अक्षय ने साफ किया कि वह देशभक्ति वाली फिल्में अपनी कोई खास इमेज बनाने के लिए नहीं करते हैं, बल्कि इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें वह विषय सही लगते हैं। अक्षय कुमार ने बताया कि उनके करियर में एक ऐसा दौर आया था जब उनकी 16-17 फिल्में लगातार फ्लॉप हो गई थीं। अक्षय के मुताबिक, मेरे पास काम तो था लेकिन सिर्फ 3-4 फिल्में बची थीं। उस वक्त मुझे लगा कि अब कुछ और करना चाहिए। मुझे कनाडा में काम मिल रहा था, तो मैंने वहां



जाकर छोटा सा बिजनेस करने का प्लान बनाया था। इसी दौरान अक्षय ने कनाडा की नागरिकता ली और उन्हें वहां का पासपोर्ट मिल गया। अक्षय ने कहा की कमाल की बात यह रही कि मेरी जो 3 फिल्में रिलीज होने वाली थीं, वो तीनों ही हिट हो गईं। मुझे फिर से भारत में काम मिलने लग गया। मैंने अपने दोस्त से कह दिया कि मैं अब नहीं आ रहा हूं और भारत में ही रहूंगा। उस बीच मैं पासपोर्ट वाली बात भूल गया। मेरे लिए वह सिर्फ एक ट्रैवल डॉक्यूमेंट था।

### प्री-सेल्स में 200 करोड़ की टिकट बिक सकती हैं, 19 मार्च को रिलीज

# धुरंधर 2 ने रिलीज से पहले ₹100 करोड़ कमाए

मुबंई, एजेंसी

बॉलीवुड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज से पहले ही 100 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। फिल्म ने वर्ल्डवाइड एडवांस बुकिंग (प्री-सेल्स) में 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। शनिवार के कारोबार के अंत तक फिल्म का कुल ग्लोबल एडवांस कलेक्शन लगभग 101 करोड़ रुपए रहा। इसमें भारत से 44 करोड़ और विदेशी बाजारों (ओवरसीज) से 57 करोड़ रुपए आए हैं। विदेशी बाजारों में फिल्म का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। 'धुरंधर' ने सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा के प्री-सेल्स रिकॉर्ड्स बदल



दिए हैं। ऑस्ट्रेलिया में फिल्म ने 1.05 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर की कमाई कर 'बाहुबलीः द कंक्लूजन' का सालों पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वर्ल्डवाइड लेवल पर फिल्म की एडवांस बुकिंग आसानी से 150 करोड़ रुपए के पार निकल जाएगी। अगर भारत में फिल्म का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक रहा, तो प्री-सेल्स का आंकड़ा 200 करोड़ तक पहुंचना भी संभव लग रहा है।

### धुरंधर को भी शानदार रिस्पॉन्स मिला था

इससे पहले फिल्म धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म ने दुनिया भर में करीब 1,303 करोड़ की कमाई की। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 836.95 करोड़ हुआ। इसके साथ ही यह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी सिंगल-लैंग्वेज फिल्म बन गई। विदेशी बाजारों में भी फिल्म धुरंधर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ का कारोबार किया।



**"विदेशी मार्केट्स में फिल्म की डिमांड इतनी ज्यादा है कि कई जगहों पर सिनेमाघर पहले ही फुल (हाउसफुल) हो चुके हैं। नॉर्थ अमेरिका में एडवांस बुकिंग करीब 3.40 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। कि यह जल्द ही 4 से 5 मिलियन डॉलर के आंकड़े को छू लेगी। दर्शकों की भारी भीड़ को देखते हुए डिस्ट्रीब्यूटर्स और एग्जीबिटर्स सोमवार और मंगलवार को फिल्म के और ज्यादा शोज बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं।**

## एक्सपर्ट बोले- ट्रम्प अकेले जंग नहीं रोक सकते, तेहरान के पास अभी भी खेल पलटने की ताकत

# ईरान में 15 दिन बाद भी सत्ता नहीं बदली

**कार्रवाई**

वॉशिंगटन, एजेंसी

दो हफ्ते तक ईरान के खिलाफ युद्ध चलने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही जीत का ऐलान कर सकते हैं। हालांकि आखिरी परिणाम इस बात पर भी निर्भर करेगा कि ईरान आगे क्या करता है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नौसेना का बड़ा हिस्सा नष्ट कर दिया गया है। उसकी कई मिसाइलें खत्म हो चुकी हैं और उसके कई टॉप लीडर्स मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद ट्रम्प के वे बड़े राजनीतिक मकसद अब तक पूरे नहीं हुए हैं जिनकी उन्होंने कई बार बात



की थी। ईरान में अभी भी पुराना शासन ही कायम है। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में तेल के समुद्री रास्ते को बाधित करके वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मचा दी है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरान में अभी भी खेल पलटने की ताकत है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ डेलावेयर के डोवर एयर फोर्स बेस पर एक सैनिक के पार्थिव शरीर को सलामी देते हुए। सैनिक सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरान के हमले में मारा गया था। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ डेलावेयर के डोवर एयर फोर्स बेस पर एक सैनिक के पार्थिव शरीर को सलामी देते हुए। सैनिक सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरान के हमले में मारा गया था।

### अकेले जंग रोककर तेल की बढ़ती कीमतें नहीं रोक सकते ट्रम्प

ईरान ने यह भी दिखाया है कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करने की क्षमता रखता है। इस वजह से यह साफ नहीं है कि अमेरिका अगर अकेले युद्ध रोक भी दे, तो क्या तेल की कीमतों में तुरंत कमी आएगी। ईरानी हमलों ने फारस की खाड़ी के उन देशों के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है जो लंबे समय से अमेरिका के सहयोगी रहे हैं और जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने भी मौजूद हैं। इसके बावजूद ट्रम्प लगातार यह दावा कर रहे हैं कि युद्ध पर उनका पूरा कंट्रोल है। उन्होंने शुक्रवार को फॉक्स न्यूज रेडियो से कहा कि युद्ध तब खत्म होगा जब उन्हें लगेगा कि अब इसे खत्म करने का समय आ गया है।



### अमेरिका में भी दिखने लगा जंग का असर

यह स्थिति ट्रम्प के लिए मुश्किल पैदा करती है, क्योंकि उनकी अपनी ही पार्टी के लोग अब उनसे युद्ध खत्म करके अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं। इसी साल नवंबर में अमेरिका में मिडटर्म चुनाव होने वाले हैं। युद्ध का असर अमेरिका के अंदर भी दिखने लगा है। अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद पेट्रोल की कीमतों में लगभग 25 फीसदी तक बढ़ोतरी हो चुकी है। किसानों के लिए खाद महंगी हो गई है और अमेरिकी सैनिकों की मौत का आंकड़ा भी बढ़कर 13 पहुंच गया है।

### परमाणु हथियार और तेजी से बना सकता है ईरान

एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि युद्ध में जीत हासिल करना और किसी देश के खतरे को लंबे समय तक खत्म करना दो अलग-अलग बातें हैं। कुछ को यह भी डर है कि युद्ध के बाद ईरान के भीतर कट्टरपंथी ताकतें और मजबूत हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में वह परमाणु हथियार बनाने की दिशा में ज्यादा तेजी से आगे बढ़ने का फैसला कर सकता है। ईरान के पास अब भी करीब 440 किलोग्राम समृद्ध यूरेनियम मौजूद है, जिसे अमेरिका और उसके सहयोगी देश एक बड़ा खतरा मानते हैं।

**यह भी साफ नहीं है कि ईरान अपने समृद्ध यूरेनियम के भंडार तक पहुंच सकता है या नहीं। माना जाता है कि जून में अमेरिकी हमलों के बाद परमाणु ठिकानों पर गिरा मलबा इन गैस के कंटेनरों को ढक चुका है। मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट के एक्सपर्ट ब्रायन कातुलिस ने वॉशिंगटन पोस्ट से कहा कि इस युद्ध ने स्थिति को और ज्यादा मुश्किल बना दिया है।**

# भारत में एक साल में 24 अरबपति बढ़े

**अब 229, लक्ष्मी मित्तल रोज ₹274 करोड़ कमाकर देश के चौथे सबसे अमीर बने**

नई दिल्ली, एजेंसी

फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट के मुताबिक भारत में एक साल के अंदर 24 अरबपति बढ़े हैं। इनकी संख्या 2025 से बढ़कर 229 हो गई है। देश के चौथे सबसे अमीर लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल सबसे तेज उछाल देखा गया। उनकी कंपनी आर्सेलरमित्तल के शेयरों में 80% से ज्यादा की तेजी आने से उनकी कुल दौलत 31 अरब डॉलर, यानी 2.87 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। पिछले एक साल में उनकी संपत्ति में 20 अरब डॉलर, यानी 1.85 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। इस हिसाब से



मित्तल ने सालभर हर दिन औसतन 274 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कमाई की है। इस लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल हो गए हैं। फोर्ब्स इंडिया ने अपनी पहली रिच लिस्ट 2009 में लॉन्च की थी। ये लिस्ट फैमिली और इंडिविजुअल्स से मिली शेयरहोल्डिंग व फाइनेंशियल जानकारी, स्टॉक एक्सचेंज, एनालिस्ट्स और मार्केट डेटा के आधार पर तैयार की जाती है। नेटवर्थ USD में कैलकुलेट होती है।

**फास्ट न्यूज**

### सिलेंडर के लिए राजस्थान-बिहार में कई जगह जाम लगा

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देश में LPG संकट बढ़ गया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब-चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान सहित अन्य राज्यों में सिलेंडर के लिए सुबह से ही गैस एजेंसियों और गोदामों पर लाइनें लग गई हैं। 950 रुपए में आने वाला घरेलू गैस सिलेंडर 3500 रुपए और 2 हजार रुपए के कॉमर्शियल सिलेंडर ब्लैक में 5 हजार रुपए में बेचा जा रहा है।

### पाक गई पंजाबी महिला के सिखों पर भड़काऊ बोल

मानव, अमृतसर। सिख श्रद्धालुओं की आड़ में पाकिस्तान जाकर मुस्लिम व्यक्ति से निकाह करने वाली पंजाबी महिला सरबजीत का नया VIDEO सामने आया है। यह वीडियो टिकटॉक पर बनाया गया है, जिसमें सरबजीत के साथ उसका मुस्लिम पति नासिर हुसैन भी नजर आ रहा है। इस वीडियो में सरबजीत सिखों को लेकर बेहद आपत्तिजनक कमेंट करती हुई नजर आ रही है। वह सिखों के पाकिस्तान आने पर सवाल उठाने के साथ कह रही है।

### जंग की वजह से लेबनान में 2 लाख बच्चे बेघर

तेल अवीव/तेहरान। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 16वां दिन है। इस बीच इजराइल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। अल जजीरा के मुताबिक इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। दुबई के बाजार, समुद्र तट और वॉटरफ्रंट इलाके आमतौर पर पर्यटकों से भरे रहते हैं।

# सोना ₹2 हजार गिरकर ₹1.56 लाख पर आया

## चांदी दो दिन में ₹16 हजार सस्ती होकर ₹2.53 लाख पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने-चांदी में आज लगातार दूसरे कारोबारी दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,963 रुपए गिरकर 1.56 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 13 मार्च को सोना 1.58 लाख रुपए प्रति 10g था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 7,695 रुपए घटकर 2.53 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.60 लाख रुपए किलो थी। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना दो कारोबारी दिन में 3,867 और चांदी 15,508 सस्ती हुई है। इससे



पहले 12 मार्च को सोना 1.60 लाख और चांदी 2.68 लाख पर थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 19,685 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 46 दिन में चांदी 1.33 लाख रुपए सस्ती हो गई है। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक लोग शेयर बाजार में हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए सोने-चांदी में मुनाफा वसूली कर रहे हैं। इससे सोने-चांदी के दामों में गिरावट है। अजय केडिया अनुसार आगे भी ये गिरावट जारी रह सकती है। इसके चलते सोना 1.50 लाख और चांदी 2.50 लाख रुपए तक आ सकती है। ऐसे में निवेशकों को अभी सोने-चांदी में निवेश से बचना चाहिए।

## अमेरिका में आधे खर्च में पूरे शरीर का एमआरआई स्कैन, ब्लड टेस्ट की सुविधा

# हेल्थकेयर सर्विसेज महंगी, स्टार्टअप्स सस्ते विकल्प दे रहे

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में महंगी स्वास्थ्य व्यवस्था को टेक कंपनियों और स्टार्टअप्स से चुनौती मिल रही है। ये कंपनियां डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म, वर्चुअल क्लीनिक और एआई आधारित सुविधाओं के जरिये इलाज, जांच और स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं मुहैया करा रही हैं। हेल्थकेयर की बढ़ती लागत के बीच मरीज भी अब इलाज के नए विकल्प तलाश रहे हैं। स्टार्टअप्स की फंडिंग भी बढ़ी है। 2025 में अमेरिका के डिजिटल हेल्थ स्टार्टअप्स की वेंचर कैपिटल फंडिंग 35% बढ़कर 1.3 लाख करोड़ रुपए हो गई। ये पब्लिक हेल्थ सिस्टम में बदलाव का संकेत है। हालांकि पहले ऐसे प्रयोग विफल हो चुके हैं। जेपी



मॉर्गन चेज और बर्कशायर हैथवे ने मिलकर 2018 में 'हेवन' नाम की पहल शुरू की थी, जिसे 3 साल में ही बंद करना पड़ा। स्वास्थ्य सेवाओं में टेक कंपनियों, स्टार्टअप्स की पैठ बढ़ने के बड़े कारण 20% सरकारी खर्च स्वास्थ्य पर, फिर भी 33% लोग लागत नहीं उठा पा रहे अमेरिकी सरकार हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करीब 463 लाख करोड़ रुपए खर्च करती है। यह अमेरिका की जीडीपी का पांचवां हिस्सा यानी तकरीबन 20 फीसदी है। इलाज इतना महंगा है कि करीब एक तिहाई (33%) लोगों ने बीते एक साल में बेहिसाब खर्च के कारण या तो इलाज नहीं कराया या टाल दिया। खर्च बढ़ने का असर हेल्थ इंश्योरेंस पर भी दिख रहा है। अमेरिका में 65 साल से कम उम्र के ज्यादातर लोग प्राइवेट बीमा पर निर्भर हैं। गैर-लाभकारी संस्था केएफएफ के मुताबिक, 2015 से परिवार के लिए सालाना इंश्योरेंस प्रीमियम (बीमे की लागत) 50% बढ़ गया है।

### डॉक्टर अपॉइंटमेंट से लेकर, बीमा कंपनी चुनने तक पूरी चेन डिजिटल

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म बदलाव ला रहे हैं। 'सेसम' और 'वन मेडिकल' जैसे प्लेटफॉर्म डॉक्टर से सस्ते ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने में मदद कर रहे हैं। वीसी फर्म जनरल कैटलिस्ट ने हॉस्पिटल और हेल्थ केयर चेन सुम्मा हेल्थ का अधिग्रहण किया है।

### एआई - एक चौथाई यूजर कम से कम एक सवाल स्वास्थ्य संबंधी पूछ रहे

हेल्थ सेक्टर में जेनरेटिव एआई की भूमिका बढ़ी है। चैटजीपीटी के डेवलपर्स का कहना है कि उनके करीब 80 करोड़ साप्ताहिक यूजर्स में से एक चौथाई से ज्यादा कम से कम एक सवाल स्वास्थ्य संबंधी पूछते हैं। कि जेनरेटिव एआई इंटरनेट स्क्रॉल करने के पुराने तरीके में बड़ा सुधार ला रहा है। अब यूजर्स ऐसे सॉफ्टवेयर से सीधे बातचीत कर सकते हैं।

# फोनपे की शेयर बाजार में आईपीओ लिस्टिंग टली

## ग्लोबल मार्केट में उतार-चढ़ाव के कारण फैसला लिया

मुंबई, एजेंसी

डिजिटल पेमेंट सेक्टर की कंपनी फोनपे ने फिलहाल अपनी पब्लिक मार्केट लिस्टिंग यानी IPO की प्रोसेस को रोक दिया है। कंपनी ने सोमवार को घोषणा की कि ग्लोबल लेवल पर जारी जियोपॉलिटिकल टेंशन और बाजार में भारी उतार-चढ़ाव को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। कंपनी ने साफ किया है कि जब ग्लोबल कैपिटल मार्केट में स्थिरता आएगी, तब वह लिस्टिंग की प्रोसेस को दोबारा शुरू करेगी। फोनपे के सीईओ (CEO) समीर निगम ने इस फैसले पर कहा, 'हम प्रभावित सेक्टरों में जल्द से जल्द शांति बहाली की उम्मीद करते हैं। हालांकि, हमने अपने लिस्टिंग के प्लान को अभी टाल दिया है, लेकिन हम भारत में ही पब्लिक लिस्टिंग के लिए पूरी तरह कमिटेड हैं।' निगम के बयान से स्पष्ट है कि कंपनी




भारतीय शेयर बाजार में ही लिस्ट होने की तैयारी में है, लेकिन फिलहाल सही समय का इंतजार कर रही है। फोनपे लिमिटेड (पूर्व में फोनपे प्राइवेट लिमिटेड) भारत की एक प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनी है। कंपनी का मुख्यालय भारत में ही है। फोनपे ने अपना डिजिटल पेमेंट एप 2016 में लॉन्च किया था। 30 सितंबर 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, फोनपे के पास 65 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स हैं। इसके अलावा, कंपनी का डिजिटल पेमेंट एक्सेप्टेंस नेटवर्क 4.7 करोड़ से ज्यादा मर्चेंट्स तक फैला हुआ है।

# जंग के बीच यूएआई में 19 भारतीय गिरफ्तार

## फेक न्यूज फैलाने का आरोप, मौत की अफवाह के बीच कॉफी पीते दिखे नेतन्याहू

तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी

इजराइल-ईरान जंग के बीच UAE ने 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। इनमें 19 भारतीय शामिल हैं। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक इन पर सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप है। UAE के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्स ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म की निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई, ताकि झूठी खबरों से फैलने वाली अफवाह और अशांति को रोका जा सके। वहीं इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी मौत की अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे यरुशलम के एक रेस्टोरेंट में कॉफी पीते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे मजाक में कहते हैं, "क्या आप मेरी उंगलियां गिनना चाहते हैं?" दरअसल 13 मार्च के एक वीडियो



में कुछ लोगों ने उनके हाथ में 6 उंगलियां दिखने की बात कही थी। इसके बाद कई यूजर्स ने उस वीडियो को AI और डीपफेक बताकर उनकी मौत की अफवाह फैलानी शुरू कर दी थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के हमलों में जिन परमाणु ठिकानों को नुकसान हुआ, उनके मलबे के नीचे एनरिचड यूरेनियम दबा हुआ है। इसकी जानकारी इंटरनेशनल एटोमिक एनर्जी एजेंसी को भी है। फिलहाल ईरान इसे बाहर निकालने की कोई योजना नहीं बना रहा है। अराघची ने बताया कि पहले अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान ने 60% समृद्ध यूरेनियम को कम करने का प्रस्ताव दिया था।

**ईरान ने कहा है कि देश के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। इससे पहले ब्रिटिश मीडिया द सन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि मुजतबा 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल हो गए थे। इसके बाद से वे कोमा में हैं और उनका एक पैर भी काटना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने भी कहा था कि मुजतबा घायल हो गए हैं। हालांकि अराघची ने इन दावों को खारिज कर दिया है।**





### होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए ट्रम्प ने देशों से गठबंधन बनाने को कहा

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने कई देशों से होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए एक गठबंधन बनाने को कहा है। यह समुद्री रास्ता बहुत अहम है। ट्रम्प ने कहा कि जिन देशों को इस रास्ते से तेल मिलता है, उन्हें इसकी सुरक्षा में मदद करनी चाहिए उनके मुताबिक चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों से बातचीत हुई है।

### इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी 40 करोड़ बैरल तेल रिलीज करेगी

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (IEA) ने कहा है कि जल्द ही इमरजेंसी रिजर्व से तेल निकालकर दुनिया के बाजारों में भेजा जाएगा, एजेंसी के मुताबिक इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग की वजह से तेल सप्लाई प्रभावित हुई है।

**बढ़त : फरवरी में ये 2.13% पर पहुंची, खाने-पीने की चीजें और रोजाना जरूरत का सामान महंगा हुआ**

# थोक महंगाई 12 महीने में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली, एजेंसी

फरवरी में थोक महंगाई (WPI) बढ़कर 2.13% पर पहुंच गई है। ये महंगाई का 12 महीने का हाई लेवल है। फरवरी 2025 में ये 2.38% पर पहुंच गई थी। इससे पहले जनवरी 2026 में थोक महंगाई 1.81% पर थी। वहीं दिसंबर में थोक महंगाई 0.83% पर थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 16 मार्च को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग लंबी चली तो कच्चे तेल के दाम 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। इससे पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और फल-सब्जी समेत हर जरूरी सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी। प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं। भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है। महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75%, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 22.62% और फ्यूल एंड पावर 13.15% होती है।

### फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21% पहुंची

फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21% पहुंच गई है। इससे पहले जनवरी में यह 2.74% थी। महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग चल रही है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है।



### होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्ल्यूपीआई) का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए WPI को कंट्रोल कर सकती है।

### रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें महंगी हुईं

- **रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 2.21% से बढ़कर 3.27 हो गई।**
- **खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई माइनस 1.41% से बढ़कर 1.85% हो गई।**
- **फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 4.01% से बढ़कर माइनस 3.78 हुई।**

**मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.86% से बढ़कर 2.92% रही।**

# सेंसेक्स 743 अंक चढ़कर 75,306 पर बंद हुआ

## ऑटो और प्राइवेट बैंक शेयर्स में सबसे ज्यादा तेजी रही

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजार में आज यानी 16 मार्च को तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 1100 अंक से ज्यादा की तेजी के साथ 75,650 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 300 अंक की तेजी है, ये 23,450 पर कारोबार कर रहा है। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज और प्राइवेट बैंक सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। IDBI बैंक के शेयर में 15.87 रुपए (17.22%) की गिरावट रही। इसका शेयर 76.31 रुपए पर आ गया है। बाजार में ऐसी खबरें आ रही हैं कि सरकार इस बैंक में अपनी ज्यादातर हिस्सेदारी बेचने का प्लान रद्द कर सकती है। इसी वजह से निवेशकों में डर दिखा और शेयरों में बिकवाली बढ़ गई। एग्रोकेमिकल कंपनी GSP क्रॉप साइंस का IPO आज यानी 16



मार्च से ओपन होगा। इसमें आम निवेशक 18 मार्च तक पैसा लगा सकेंगे। कंपनी इस मेनलाइन इश्यू के जरिए 400 करोड़ जुटाना चाहती है। इसमें मिनिमम 14,720 रुपए लगाने होंगे। डाउ जोन्स 119 अंक (0.26%) गिरकर 46,558 के स्तर पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.93% गिरकर 22,105 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 40 अंक (0.61%) गिरकर 6,632 पर बंद हुआ।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96